वर्ष- 22 अंक - 53 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, मंगलवार 04 अगस्त 2026



# ट्रंप के खिलाफ मुकदमा

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति एक बार फिर कानूनी विवाद में फंस गई है। अमेरिका के 25 डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इन राज्यों ने भारत समेत 60 व्यापारिक साझेदार देशों से होने वाले आयात पर लगाए गए नए टैरिफ को चुनौती दी है। मुकदमा ओरेगन और न्यूयॉर्क समेत 25 राज्यों ने दायर किया है। सभी राज्यों में डेमोक्रेटिक पार्टी के गवर्नर या अटॉर्नी जनरल हैं। राज्यों का आरोप है कि ट्रंप प्रशासन पहले जिन व्यापक आयात शुल्कों को अदालत गैरकानूनी बता चुकी है, उन्हें अब अलग कानूनी आधार पर दोबारा लागू करने की कोशिश कर रहा है।

## कांवड़ियों ने जीप से निकालकर दो पुलिसकर्मियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मेरठ ● एजेंसी**

मेरठ में कांवड़ियों द्वारा दो पुलिसकर्मियों को पुलिस जीप से बाहर निकालकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कांवड़ियों ने सादी वर्दी वाले पुलिसकर्मियों के कपड़े भी फाड़े हैं। मामला दौराला थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है जब बाइक सवार व्यक्ति ने कांवड़ियों को टक्कर मार दी। इस सूचना पर थाने के 2 पुलिसकर्मी सादा कपड़ों में पुलिस जीप लेकर मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान आरोपी व्यक्ति तो भाग गया, लेकिन कांवड़ियों ने पुलिसकर्मियों को पकड़ लिया और उनकी खूब पिटाई की।

## दतिया में हार पर आज भाजपा की समीक्षा

**भोपाल.एजेंसी। दतिया विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने परिणामों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसी सिलसिले में आज भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।**



## भारत ने हमेशा साथ निभाया
### नेतन्याहू ने मोदी को बताया खास दोस्त

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

ईरान के साथ जारी तनाव और दुनिया भर में बदलते राजनीतिक हालातों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इजराइल, भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने के लिए बहुत मेहनत कर रहा है। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की और उन्हें इजराइल के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक बताया। इसके साथ ही उन्होंने मुश्किल वक्त में भारत से मिले समर्थन और सहयोग की भी सराहना की।

## ईरान में अब तक 50 जासूसों को फांसी

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान ने इस्राइल के लिए जासूसी के आरोप में अपने दो और नागरिकों को फांसी दे दी। ईरान ने पिछले चार महीनों में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अस्पष्ट आरोपों में कम से कम 50 लोगों को फांसी दी है। इनमें कई 18 और 19 साल के युवा भी शामिल हैं।

## 30 से ज्यादा आतंकियों की हत्या से डरे आतंकी आका



**मंगलवार ● एजेंसी**

पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के वरिष्ठ कमांडर रिजवान हनीफ के एक वीडियो में दावा किया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में संगठन के 30 से अधिक आतंकियों की धुरंधर स्टाइल में हत्याएं हुई हैं। उसने इन घटनाओं के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। भारत सरकार पहले भी ऐसे आरोपों को निराधार बता चुकी है।

### ट्रेन के सामने 5 शेर

**अमरेली.एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले के धारी इलाके में छतड़िया रेलवे फाटक के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब ट्रैक के सामने अचानक पांच शेर आ गए। ट्रेन चालक की तत्परता से यह हादसा टल गया।

## ट्रंप की धमकियों से नहीं डरा हिंदुस्तान जुलाई में भर-भरकर खरीदा रूसी तेल

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धमकी दी थी कि जो भी देश रूस से तेल और गैस खरीदेगा उस पर 100 प्रश टैरिफ लगा दिया जाएगा। हालांकि, जुलाई 2026 में भारत ने रूस से रिकॉर्ड 2.8 मिलियन बैरल प्रति दिन के हिसाब से तेल आयात कर यह साबित कर दिया कि ट्रंप की धमकियों का उस पर कोई असर नहीं है और वह अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नीतीश कुमार और लालू की जमानत जब्त

**बांकीपुर.एजेंसी।** बिहार की बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बीजेपी के उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को मात देने में सफल रहे हैं, साथ ही उन्होंने लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार की भी जमानत जब्त करा दी। यहां निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले नीतीश कुमार नामक प्रत्याशी को सिर्फ 149 वोट मिले। जबकि लालू प्रसाद यादव के हमनाम निर्दलीय प्रत्याशी लालू प्रसाद यादव को सिर्फ 81 वोट मिले।



## मौलाना ने कहा देशभर में लागू हो समान नागरिक संहिता

**मंगलवार.एजेंसी।** जमीयत हिमायतुल इस्लाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी अबरार जमाल ने मांग की कि देशभर में समान नागरिक संहिता लागू होना चाहिए और मदरसों में राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए।

## भूस्खलन से 14 मरे, कई लापता

**मंगलवार.एजेंसी।** अफ्रीकी देश इथियोपिया के अमहारा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भूस्खलन हुआ। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, कई लोग अब भी लापता हैं।

## बलूचों ने 97 पाक सैनिकों को किया ढेर

**मंगलवार.एजेंसी।** बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने दावा किया है कि उसने पिछले महीने बलूचिस्तान में 48 अभियानों के दौरान 97 पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों और पांच कथित मुखबिरों को मार गिराया, जबकि 15 अन्य सैनिक घायल हुए।

## ई-20 पेट्रोल को लेकर आज केजरीवाल का मार्च

**नई दिल्ली.एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज दोपहर पीएम आवास तक अपने समर्थकों के साथ मार्च करेंगे। केजरीवाल और उनके साथी ई-20 पेट्रोल के विरोध में पार्टी मुख्यालय से दोपहर 12 बजे 100 लोगों के साथ निकलेंगे और पीएम को 2133 लाख लोगों द्वारा हस्ताक्षरित याचिका सौंपेंगे। हालांकि, अभी तक दिल्ली पुलिस से मार्च की इजाजत नहीं मिली है।

## आग बुझाते वक्त गिरी दीवार, 2 दमकल कर्मियों की मौत

**ग्रेटर नोएडा.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के ग्रेटर नोएडा के इकोटेक थाना क्षेत्र में स्थित निजी कंपनी में रात तीन बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। इस दौरान अचानक से दीवार गिर गई, जिसके चलते दो दमकल कर्मियों की मौत हो गई।

## संतों के द्वार पहुंचे चंपत राय

**अयोध्या.एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से इस्तीफे के बाद पूर्व महासचिव चंपत राय पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखे। उन्होंने अयोध्या के साधु-संतों और निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास से मुलाकात कर प्रसाद भेंट किया।

# दतिया की जीत पर कांग्रेस का जश्न







## कई दिग्गज रहे नदारद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत को प्रदेश भर के कांग्रेसी बड़ी बात मान रहे हैं और कल गांधी भवन के नीचे जश्न मनाया गया। आतिशबाजी कर मिठाई भी चिंटू चौकसे के नेतृत्व में बांटी गई। चिंटू चौकसे, सज्जन सिंह वर्मा, राजेश चौकसे, संजय बाकलीवाल, अमन बजाज, इम्तियाज बेलिम, शैलेष गर्ग, देवेन्द्रसिंह यादव, मनीष मिंडा, राहुल धाकरे, सन्नी राजपाल, गिरिश चितले, कमलेश पाठक, रफीक खान, श्याम यादव, आनंद जैन कासलीवाल, अमित चौरसिया, अनवर दस्तक, सोनिला मिमरोट, जीतू दीवान, जतिन थोरात, बलवंत टटवारे, सैफू वर्मा, शशि हाड़ा, रोशनी गोहार, मंजू शर्मा, राजू भदौरिया कई ब्लाक, वार्ड अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे। महत्वपूर्ण बात यह रही कि कई बड़े नेता जो विधानसभा प्रभारी भी है और शहर कांग्रेस पदाधिकारी, कई ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष और ब्लॉक व मंडलम के प्रभारी भी नहीं दिखे। कहा तो यह भी गया कि विधानसभा प्रभारियों के कहने पर पदाधिकारी बनाए गए थे। प्रभारी गायब हुए तो पदाधिकारी भी नहीं दिखे, फिर भी कांग्रेसियों में उत्साह था और गांधी भवन पर उत्साही कांग्रेसियों ने पटाखे फोड़कर मिठाई बांटकर और नृत्य कर जश्न तो मना ही लिया।



## जिला कांग्रेस ने भी अलग-अलग ब्लॉक में मनाया जश्न

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के निर्देश पर जिला संगठन महामंत्री प्रभारी डॉ. दौलत पटेल ने जिले के सभी 14 ब्लॉक अध्यक्षों को जश्न के लिए निर्देशित किया था और ज्यादातर जगह कल जिला के ब्लॉक में जश्न के दौरान आतिशबाजी भी की गई, मिठाई भी बंटी और कांग्रेस के झण्डे भी लहराए, कई जगह तो कांग्रेसियों ने नृत्य भी किया। गौतमपुरा में कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल के नेतृत्व में गांधी चौक पर आतिशबाजी कर विजय जुलुस निकाला, मिठाई भी वितरित की। इस दौरान जगदीश भावसार, जीतू दरबार, यशवंत अंजना, शुभम पटेल, राजेश परमार, आत्माराम मौर्य, संजय परमार सहित अन्य मौजूद थे। वहीं दतिया, राऊ, रालामंडल, दूधिया, देपालपुर, सांवेर, मांगल्या, महू, सिमरोल, बेटमा सहित अन्य ब्लॉक में भी जश्न मनाया गया।



# रेवतीरेंज पर 51 हजार पौधे लगेंगे

## भाजपा ने की बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में रेवती रेंज पर 51 हजार पौधारोपण का आयोजन किया जाएगा। अगर गड्ढे खुद गए, व्यवस्था हो गई तो वहां 1 लाख पेड़ लगाने की योजना है। बीएल संतोष संगठनात्मक बैठक भी लेंगे। इन दोनों आयोजन को लेकर कल भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन भी किया गया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता, अन्तरसिंह दरबार, कंचनसिंह चौहान, अन्तर दयाल, रामस्वरूप गेहलोत, पूंजालाल निनामा सहित अन्य मौजूद थे।

# विजयवर्गीय बोले ग्रीन एरिया के अतिक्रमण को हटाएंगे

## फिर हुआ 5100 पौधों का रोपण



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर ने कल सांवेर रोड स्थित नरवल इंडस्ट्रीयल एरिया में 5100 पौधों के रोपण का आयोजन करवाया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बोले अब हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन एरिया के अतिक्रमण को भी हटाएंगे। विजयवर्गीय यह भी बोले कि पेड़ों की रक्षा करने वाला देवता और पेड़ काटने वाला दैत्य होता है। इसलिए देवता बनकर पेड़ लगवाए और उनकी सेवा करें। इधर उद्योगपति सुरेश शर्मा ने कहा कि जो पौधे नरवल औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए हैं उनके लिए ड्रिप इरिगेशन की व्यवस्था करेंगे। इस दौरान दीपक जैन टीनू, आदित्य पाण्डे और अकादमी के विद्यार्थी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पहाडिया बोले-मिल की झांकियों को देगा निगम आर्थिक सहायता

## सुभाष मंच एवं गणेश उत्सव समिति ने सौंपा ज्ञापन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्री गणेश विसर्जन चल समारोह में शामिल चलित झांकियों की परम्परा खत्म नहीं होगी, हर संभव शासन नहीं तो निगम स्तर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाली राशि मिल कमेटियों को प्रदान की जाएगी। यह आश्वस्त करते हुए इन्दौर नगर निगम मेयर काउंसिल के सदस्य नन्दकिशोर पहाडिय़ा ने नेताजी सुभाष मंच एवं मालवा मिल कमेटी के द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद कहे। गत दिनों नगर निगम के द्वारा झांकियों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए मनाही कर दी गई थी, जिसके चलते झांकी कलाकारों में निराशा छा गई थी, जिसको लेकर समाजसेवी मदन परमालिया, कैलाश कुशवाह, सुरेन्द्र शर्मा, गणेश वर्मा, देवीलाल गुर्जर, शैलेष त्रिपाठी नन्दकिशोर पहाडिय़ा से मिलकर अपनी समस्या बताते हुए ज्ञापन सौंपा।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया एमआईसी सदस्य ने दौरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



एमआईसी सदस्य और जलकार्य-सीवरेज प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने सभी निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। शर्मा द्वारा अमृत योजना 2.0 एवं नमामि गंगे योजना के अंतर्गत शहर में निर्माणाधीन धनखेड़ी, टिगरिया बादशाह, कबीटखेड़ी, कनाडिया एवं किला मैदान स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। शर्मा के साथ अधिकारी भी मौजूद थे, सभी ने सुरक्षा के लिए हेलमेट लगा रखे थे। शर्मा ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर की सीवरेज व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा उपचारित जल के पुनः उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि अभी सिरपुर स्थित 20 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पूर्ण क्षमता के साथ संचालित हो रहा है। यहां प्रतिदिन उपचारित जल का पुनः उपयोग करते हुए लगभग 28 उद्यानों एवं सिरपुर तालाब को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे स्वच्छ जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा सतत जल प्रबंधन को प्रभावी बढ़ावा मिल रहा है। अब जो प्लांट तैयार हो रहे हैं उनसे काफी फायदा मिलेगा।

# एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य में भाजपाई

## चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा विकास कार्य का भूमि पूजन, यातायात सुगम होगा



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा विकास कार्य का भूमि पूजन कल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर की मौजूदगी में किया गया। एमआर-10 चौराहा पर 1.03 करोड़ की लागत विकास कार्य में आएगी। राजेन्द्र राठौर ने बताया कि इस कार्य से यातायात और अधिक सुगम होगा। दो साल बाद सिंहस्थ होना है उसमें यह क्षेत्र इंदौर-उज्जैन यात्रा के लिए काफी लाभप्रद साबित होगा। मेट्रो रेल कॉरिडोर के नीचे सर्विस रोड का निर्माण, रोटरी एवं जंक्शन का विकास, आधुनिक फुटपाथ, एलईडी स्ट्रीट लाइट, ग्रीन बेल्ट का विकास, बेहतर जल निकासी व्यवस्था का कार्य होगा। मनीष चौरट, उमाशंकर तरेटिया एवं निगम अधिकारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# चिंटू-पिंटू विवाद का असर जश्न में दिखाई दिया

## विधानसभा 3 के गांधी भवन में ही हुआ था कार्यक्रम फिर भी नहीं पहुंचे जोशी और कई समर्थक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर चार दिन पहले नगर निगम चुनाव को लेकर विधानसभा प्रभारियों और नगर अध्यक्ष के साथ चुनिंदा लोगों की बैठक हुई थी उस बैठक में किसी मुद्दे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और विधानसभा 3 के प्रभारी पिंटू जोशी के बीच तकरार हुई थी, जिसे विरोधियों ने बड़ा तूल देने की कोशिश भी की थी और इस मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी तंज कसा है। सूत्रों का कहना है कि इसी चिंटू-पिंटू बहस का असर कल दतिया चुनाव के परिणाम के बाद कांग्रेसियों के खुशी पर भी नजर आया। कल विधानसभा 3 के ही गांधी भवन के नीचे कांग्रेसियों ने खुशी का इजहार कर एक-दूसरे को बधाई दी। कांग्रेसी झंडा लहराया, आतिशबाजी की गई और मिठाई का वितरण भी हुआ। यहां तक कि कुछ कांग्रेसियों ढोलक की थाप पर खुशी में नृत्य भी किया। जानकारों का कहना है कि कल भी कांग्रेस की गुटबाजी नजर आई। कुछ विधानसभा प्रभारियों के अलावा कुछ पार्षद, कुछ वरिष्ठ नेता और यहां तक कि कुछ शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक और मंडलम पदाधिकारी, ब्लॉक और मंडलम के प्रभारी, महिला प्रभारी भी नजर नहीं आए। इधर विधानसभा 3 के प्रभारी पिंटू जोशी की अनुपस्थिति ने कल चार दिन पहले की बैठक की तकरार को हवा दे दी। कांग्रेसियों का कहना था कि पहले भी विधानसभा 1 की नारजागी का असर प्रभारी से लेकर ब्लॉक और मंडलम तक दिखा था, अब यह असर विधानसभा 3 में कल नजर आया। दतिया की जीत के जश्न में प्रभारी पिंटू जोशी और कई पदाधिकारी और समर्थक नदारद रहे। सूत्रों का कहना है कि जब कार्यक्रम पूरा हुआ उसके बाद पहले से गुस्साएं बैठे कांग्रेसियों ने चिंटू चौकसे पर तंज कसा कि और बनाओ प्रभारी के कहने से पदाधिकारी। कुछ ने कहा कि अगर ब्लॉक और मंडलम में शहर अध्यक्ष अपने समर्थक पदाधिकारी को बनाते तो यह स्थिति नहीं होती। प्रभारियों के जो विरोधी उन विधानसभाओं में हैं उन्हें पद से दूर रखा गया, जिससे वे मुकदर्शक हो गए। इधर कल कांग्रेसियों ने यह भी कहा कि कांग्रेसी इस जीत के जश्न में आना चाहते थे, उन्हें फोन कर रोका गया है, तो कुछ कांग्रेसी बोले संगठन के कार्य में भी 3 नम्बर से ठीक से सहयोग नहीं मिल रहा है। यहां तक कि विधानसभा 3 के सभी ब्लॉक, मंडलम और संगठन के काम की सूची भी ठीक से नहीं आ रही है और फोन नम्बर भी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के मांगे जाते हैं तो वह भी नहीं आ रहे हैं। कांग्रेसियों ने यह भी प्रश्न उठाए कि यह सब कौन करा रहा है, इसके लिए समन्वय बैठक होना चाहिए। कांग्रेसियों ने कहा कि जब विधानसभा 3 की बैठक होती है तब भी कई पदाधिकारी अनुपस्थित रहते हैं, तो कुछ बोले कि विधानसभा 3 के ब्लॉक, मंडलम अध्यक्षों के घर पर प्रभारी ने कितने भ्रमण किए हैं। विधानसभा 3 के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के लिए फोन नहीं लगाए जाते हैं, यह फोन भी गांधी भवन से लगाए जाते हैं। कुल मिलाकर विधानसभा 3 के जिम्मेदारों और शहर कांग्रेस के बीच समन्वय होने की बात भी कांग्रेसियों ने कही और यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो कांग्रेस की बदनामी होती है और सबसे अच्छा है कि जिम्मेदारी तय कर बातचीत की जाए और सबकी नाराजगी दूर कर सबको काम में लगाया जाए। अगले वर्ष निगम चुनाव है और अब ढाई साल भी विधानसभा चुनाव में नहीं बचे हैं इसलिए गुटबाजी पूरी तरह समाप्त की जाए। वरिष्ठ नेताओं को बैठाकर बातचीत की जाए।



# परशुराम सेना ने किया इन्द्रेश्वर महादेव का अभिषेक

**जयकारों के साथ लगाई अच्छी बारिश के लिए गुहार**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री परशुराम सेना इंदौर महानगर ने आज सुबह इन्द्रेश्वर महादेव पंढरीनाथ पहुंचकर महादेव का पूजन, अभिषेक किया। प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का यह प्राचीन मंदिर है और जब भी इंदौर में वर्षा की कमी दिखाई देती है, तब यहां पूजन अभिषेक कर अच्छी बारिश की कामना होती है तो बरसात होती है। आज इस धार्मिक आयोजन और अच्छी बारिश की गुहार में अनूप शुक्ला, उमाशंकर चतुर्वेदी, प्रकाश शर्मा पप्पी सहित अन्य ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे। भगवान परशुरामजी और इन्द्रेश्वर महादेवर के जयकारे लगे।

# चर्चित दतिया सीट जीतने से कांग्रेस का बढ़ा मनोबल

## पटवारी बोले-यह तो ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**दतिया उपचुनाव का कल परिणाम आ गया है। कांग्रेस ने यह विधानसभा सीट जीत ली है। भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा का टिकिट काट दिया था। नरोत्तम समर्थकों ने आक्रोश में बवाल मचाया था जिसके बाद देशभर में यह सीट चर्चा में बन गई। चर्चित सीट पर भाजपा ने पूरी ताकत झोकी तो वहीं कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर अपनी जमावट की। इस जीत से कांग्रेस का मनोबल भी बढ़ा है।**

जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस की उपचुनाव में यह जीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खास बात यह कि दतिया उपचुनाव में कमलनाथ सहित कांग्रेस के कई दिग्गज चुनावी मैदान से दूर थे। पूरा चुनाव दोनों दलों में आपसी गुटबाजी के आरोपों में हुआ है। ऐसे में जब कांग्रेस ने यह जीत हांसिल की तो जीतू पटवारी ने कहा कि यह भाजपा की सामान्य पराजय नहीं है, अहंकार की हार है। उन्होने यह भी कहा कि यह उपचुनाव नहीं, 2028 का ट्रेलर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें 2023 चुनाव से 1700 वोट अधिक मिले है। कुल मिलाकर दतिया जीत से कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है। राज्यसभा सीट गंवाने के बाद कांग्रेस का मनोबल टूटा था। अब नरोत्तम मिश्रा को लेकर कांग्रेस ने कई बयान दिए है। पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती ने कहा कि घनश्याम सिंह नरोत्तम मिश्रा के रिमोट पर ही काम कर रहे है। इसके बाद सियासत गर्मा गई। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के बयान के बाद मेरे कान खड़े हो गए। इसकी समीक्षा संगठन करेगा जो भी दोषी होगा उस पर संगठन स्तर पर कार्यवाही होगी। हालांकि तिवारी ने मिश्रा का नाम नहीं लिया लेकिन उनके बयान से अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होने नरोत्तम मिश्रा को लेकर दिए गए बयान पर विश्वास कर लिया है।

### दतिया से दूर रहे विजयवर्गीय बोले-उपचुनाव का महत्व नहीं

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल दतिया परिणाम के बाद कहा कि उपचुनाव ज्यादा महत्व के नहीं होते फिर भी हार, हार होती है। वहीं जीत, जीत होती है। हम नतीजों पर चिंतन करेंगे। उल्लेखनीय है कि विजयवर्गीय दतिया के उपचुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक सूची में शामिल थे लेकिन उन्होने पूरे चुनाव में दतिया से दूरी बनाए रखी।

# विजयवर्गीय बोले- कांग्रेस में अपने नेता को जूते मारे वही परफेक्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कल फिर एक बयान देकर कांग्रेसियों को अपनी ओर आकर्षित कर दिया। उल्लेखनीय है कि जीतू पटवारी के बिजलपुर निवास पर चार दिन पहले बैठक के आयोजन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और विधानसभा 3 के प्रभारी पिंटू जोशी के बीच राजनीतिक मुद्दे पर तकरार हुई थी, जिसे खूब हवा दी गई थी, जबकि मामला छोटा ही था। इस मामले में अब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की भी एन्ट्री हो गई है। मंत्री विजयवर्गीय ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में अपने नेता को जूते मारने वाला ही परफेक्ट होता है। विजयवर्गीय ने इसे कांग्रेस के असल चरित्र भी करार दिया और कहा कि कांग्रेस में यह खास बात नहीं है। कांग्रेस से भाजपा में गए एक नेता ने तो यहां तक कहा कि अब जीतू पटवारी के घर पर कोई बैठक हो तो सभी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं को हेलमेट पहनकर जाना चाहिए और सभी कांग्रेस नेताओं को तत्काल सेल्फ डिफेंस किट भी ले लेना चाहिए।



# मालवा मिल पर भी मना जश्न

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दतिया की जीत का जश्न कल मालवा मिल पर युवा कांग्रेसी बलवंत टटवाड़े ने मनाया। विधानसभा 5 के प्रभारी अमन बजाज और उनकी टीम भी इस जश्न में शामिल हुई। बजाज ने कहा कि अब जनता भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है। भाजपा की गुटबाजी बढ़ी हुई है और नीति और नीयत भी भाजपा की ठीक नहीं है। जमकर टैक्स जनता पर लगाए जा रहे हैं।**

# साध्वी ऋतुम्भरा इंदौर आकर

## महेश्वर-ओंकारेश्वर के लिए निकली

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। साध्वी ऋतुम्भरा कल इंदौर विमानतल पर पहुंची तो उनका स्वागत देवेन्द्र इनानी, घनश्याम काकाणी और रूप माहेश्वरी सहित अन्य ने किया। ऋतुम्भरा देवी महेश्वर और ओंकारेश्वर की यात्रा पर निकली। ओंकारेश्वर आश्रम में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम है। कल वे ओंकारेश्वर के पहले पूर्व जस्टिस उमेश माहेश्वरी के निवास पर भी गई और यहां से वे धामनोद पहुंची, जहां कावड़ यात्रा में शामिल हुई उसके बाद महेश्वर पहुंची, जहां विधायक राजकुमार मेव के कार्यक्रम में शामिल हुई।



# जूना रिसाला की सड़क का काम धीमी गति से करने पर आयुक्त भड़के

## निगम के अधिकारियों को ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने का दिया आदेश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल जूना रिसाला की सड़क का काम धीमी गति से करने पर भड़क गए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को ठेकेदार पर पेनल्टी लगाने का आदेश दिया है।

आज सुबह सिंगल द्वारा मधुमिलन चौराहे से छावनी चौराहि तक, चंद्रभागा से हरसिध्दि, कलालकुई मस्जिद से चंद्रभागा,मल्हारगंज से जिंसी चौराहा लक्ष्मी प्रतिमा तक , गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक चल रहे रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण की जानकारी पहले से ही देकर ठेकेदार के प्रतिनिधि को साइट पर मौजूद रहने के लिए कहा गया था। आयुक्त अपने नगर निगम के इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के साथ दौरे पर पहुंचे।

इस निरीक्षण के दौरान हमेशा की तरह ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि ओर कंसलटेंट को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान गुटकेश्वर मंदिर से सदर बाजार रोड तक सड़क निर्माण कार्य में गति संतोषजनक नहीं होने पर अपर आयुक्त को संबंधित एजेंसी पर कार्य की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए। ध्यान रहे कि यह सड़क जूना रिसाला में से होकर जाती है। इस सड़क का निर्माण करने के लिए नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों मुहिम चला कर बहुत सारे मकान के हिस्से तोड़े गए थे। निगम का लक्ष्य यहां पर तेज गति से सड़क का निर्माण करने का था लेकिन ठेकेदार के द्वारा बहुत धीमी गति से काम किया जा रहा था। निगम के इस प्रोजेक्ट के प्रभारी इंजीनियर के द्वारा भी काम की इस धीमी गति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। ऐसी स्थिति में आज निगम आयुक्त के द्वारा ठेकेदार पर तो इस मामले में जुर्माना लगाने का आदेश दे दिया गया लेकिन इस प्रोजेक्ट के प्रभारी इंजीनियर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारतीय संस्कृतिक गौरव महोत्सव का आयोजन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

ऋचा श्री सेवा संकल्प वेलफेयर सोसायटी एवं श्रीप्रज्ञान् गुरुकुलम् के तत्वावधान में एक दिवसीय भारतीय संस्कृति गौरव महोत्सव का आयोजन 16 अगस्त रविवार को 11 बजे से रात 9 बजे तक गांधी हाल में आयोजित किया जाएगा। इस गौरव महोत्सव में राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन होगा, जिसमें परामर्श की सुविधा भी निःशुल्क रहेगी। महिला के लिए संस्कारों का प्रवाह माता से संतानों की ओर माता ही प्रथम गुरु है पर टाक शो, अपनी अपनी विधाओं में पारंगत महिला टाक शो,ओपन माइक प्रतिभागी महिला को 10 मिनट दिए जाएंगे। भारतीय परिधान हमारी पहचान हमारी संस्कृति हमारा सम्मान 28 राज्यों के परिधान पहन महिलाएं अपने परिधान के साथ स्वयं के बिजनेस को प्रमोट करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर संगीत की शाम भी होगी। स्वदेशी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। ऋचा मनोज अग्रवाल ने उक्त जानकारी दी।

# ऊर्जस एप से बिजली आपूर्ति की 174 शिकायतें निराकृत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऊर्जस एप की मदद से मौसमी कारण से विद्युत अवरोध होने पर उपभोक्ता समय पर सुधार कार्य कराने में आसानी महसूस कर रहे हैं। पिछले चौबीस घंटे के दौरान विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में 174 उपभोक्ताओं ने आपूर्ति संबंधी शिकायतों का समय पर समाधान कराया। इसमें इंदौर शहर के 108, उज्जैन जिला 18, धार जिला 11, आगर 4, शाजापुर 5. देवास के 3, खरगोन के 2 उपभोक्ता प्रमुख रूप से शामिल हैं। ऊर्जस एप पर शिकायतें दर्ज होने के तुरंत बाद केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 की टीम को संबंधित प्रकरण विशेष का डाटा पहुंच जाता हैं, सेंटर से इसकी सूचना त्वरित रूप से मैदानी सुधार अमले को भेज दी जाती हैं। आपूर्ति सुधार होने के बाद संबंधित शिकायतकर्ता उपभोक्ता से सुधार होने संबंधी पुष्टि भी की जाती है।

# सावन तीज मेला में मातृशक्तियों का हूनर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

सृष्टि क्लब में सावन तीज मेला का आयोजन किया, जिसमें 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए। इनमें हस्तशिल्प, परिधान, ज्वेलरी, खानपान, राखी स्टॉल, सहित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। तम्बोला, लकी ड्रा और मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित किए। इस कार्य में महिलाओं का योगदान रहा, जिनमें शुभांगी होलकर, हेमा बियाणी, रीता राठी, संध्या गंगरानी, अनुराधा बियाणी, एकता प्रमुख है।

# यातायात पुलिस और निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक

## *यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए हुई चर्चा*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



शहर की यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए यातायात पुलिस एवं नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों एवं व्यस्त बाजार क्षेत्रों में यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस उपायुक्त राजेशकुमार त्रिपाठी और निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर की मौजूदगी में हुई चर्चा में जहां जरूरी हो वहां यातायात सिंग्नल स्थापित करने और जहां सिंग्नल लगे हैं वहां व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। कई जगह दुर्घटनाग्रस्त, खराब एवं अवैध रूप से खड़े हैं उनको वाहन मालिकों से कहकर हटवाना या फिर क्रेन की सहायता से उन्हें हटाया जाए। प्रमुख बाजार और सड़कों पर दुकानों का सामान बाहर रखकर रोड पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी तत्काल कार्रवाई की जाए, जिससे यातायात ठीक हो। वर्षा के दौरान जलभराव एवं सड़कों पर बने गड्ढों के कारण यातायात प्रभावित होने वाले स्थानों की पहचान कर नगर निगम द्वारा त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही किए जाने पर चर्चा हुई। अब पुलिस और नगर निगम संयुक्त रूप से काम करेगी।

## किशोर कुमार के गीतों को गुनगुनाएंगे कलमकार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर प्रेस क्लब के आनंद मोहन माथुर सभागृह में आज शाम 6.30 बजे से रात 10 बजे तक शहर के पत्रकार किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति देंगे। किशोर दा को याद करते हुए उनके सुमधुर गीत गुनगुनाएंगे। उक्त जानकारी कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद दीक्षित ने दी।

## गौरव पथ यात्रा स्मारिका का प्रकाशन होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** उभरता राठौर समाज द्वारा मिशन 2017 से 2026 गौरव पथ यात्रा स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान का आयोजन भी होगा, जिसमें 300 मेधावी बच्चों का सम्मान भी होगा। आयोजन से मनोज राठौर, गोलू राठौर, रामनारायण राठौर, विनोद राठौर दादा, हरीश राठौर लडडू, बाबा, विजय कसरावद, राजेश सोलंकी जुड़े हुए हैं।

# मुख्यमंत्री का प्रयास सांदीपनि स्कूलों से तैयार हो खिलाड़ी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और विभागीय मैदानी गतिविधियों की समीक्षा भोपाल में की। मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के साथ इंदौर के भी सांदीपनि विद्यालयों में पर्याप्त भूमि खेल के लिए मौजूद है। खेल विभाग खेल परिषद विकसित करे। खेलों के लिए खिलाड़ी स्कूल और कॉलेज से ही तैयार होते हैं, सभी संबंधित विभाग मिलकर सांदीपनि विद्यालयों के खेल परिसरों में निर्माण के लिए मिलकर काम करें। विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर पर की जा रही खेल गतिविधियों और खेल अधोसंरचनाओं के विकास कार्यों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ही संचालित करने के लिये विभागीय अधिकारी एक्शन प्लान तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी स्थानों में प्रस्तावित और निर्माणाधीन खेल परिसरों में हेलीपैड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य के अधिकारी, केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार समन्वय करें और खेल विकास मद में अधिकाधिक सेंट्रल ग्रांट प्राप्त करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में खेल परिसर या स्टेडियम या अन्य खेल अधोसंरचना निर्माण के लिए खेल विभाग को भूमि का आवंटन नहीं हो पाया है, ऐसे प्रकरणों पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर भूमि का आवंटन प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टर्स से समन्वय स्थापित किया जाए। जिस जगह से ज्यादा खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं वहां विशेष ध्यान दिया जाए। शासकीय और आशासकीय खेल परिसरों को चिह्नित भी किया जाए, जिससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा सकें। मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि कार्पोरेट हाऊस की भी मदद ली जाए, जिस तरह से हरियाणा और उड़ीसा राज्य में कॉरपोरेट हाऊसेस के सहयोग से खेल अधोसंरचनाओं के विकास मॉडल पर सक्रियता से काम किया जा रहा है। खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए केन्द्रीय खेल मंत्रालय से भी समन्वय किया जाए।



## 11 पुलिस अधिकारियों की विदाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पुलिस कमिश्नर कार्यालय पलासिया सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 11 पुलिस अधिकारियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इन सभी के मंगल जीवन की कामना भी की गई। अधिकारी दीपककुमार पाटिल ने शिवकुमार पटेल, संत बहादुर सिंह, मुकुंदीलाल अहिरवार, कला क्षेत्री, प्रेमसिंह चौहान, लेओस कुजूर, माखनलाल पटेल, संजय सिसोदिया, हरिओम दाईपुरिया, शिवराजसिंह गुर्जर, मदनकुमार शर्मा का सम्मान किया। इस दौरान सेवानिवृत्ति के परिजन और कार्यालयीन स्टाफ भी मौजूद रहा।




## पूर्व मंत्री को श्रद्धासुमन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ इन्दौर ने पूर्व मंत्री पारस जैन के निधन पर श्रध्दांजलि अर्पित की। इस दौरान पदाधिकारी मौजूद रहे।**

# महापौर का दावा- आधुनिक इंदौर के निर्माण की नींव रखी

## नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किया काम

## शहर में पानी, ड्रेनेज और सड़क के लिए हुआ सबसे बड़ा काम

## 4 साल के कामकाज को स्वर्णिम अध्याय के रूप में पहचाना जाएगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दावा किया है कि उनके कार्यकाल के दौरान आधुनिक इंदौर के निर्माण की नींव रखी गई। नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सबसे बेहतर काम किया गया। शहर में पानी देने एवं सड़क के लिए सबसे बड़ा काम हुआ। इस 4 साल के कामकाज को भविष्य में स्वर्णिम अध्याय के रूप में पहचाना जाएगा।

भार्गव ने बताया कि पिछले चार वर्षों के दौरान इंदौर नगर निगम ने विकास, सुशासन और जनभागीदारी का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसने इंदौर को केवल देश का सबसे स्वच्छ शहर ही नहीं, बल्कि सतत एवं स्मार्ट शहरी विकास का राष्ट्रीय मॉडल भी बनाया है। इस अवधि में अधोसंरचना, पेयजल, सीवरेज, सड़क, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल गवर्नेंस, वित्तीय प्रबंधन, खेल, सामाजिक सुरक्षा तथा नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में कामकाज के लिए बड़े फैसले लिए गए। नगर निगम का लक्ष्य केवल वर्तमान की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं, बल्कि आने वाले कई दशकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के इंदौर की मजबूत नींव तैयार करना है। इसी सोच के साथ विकास, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक, वित्तीय नवाचार और नागरिक सहभागिता को समान प्राथमिकता दी गई।

उन्होंने कहा कि इंदौर नगर निगम ने देश का पहला म्युनिसिपल ग्रीन बॉन्ड जारी कर शहरी वित्तीय प्रबंधन में नया इतिहास रचा। इस राशि से जलूद क्षेत्र में 60 मेगावाट क्षमता का सोलर पार्क विकसित किया गया, जिससे नगर निगम की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति होगी तथा बिजली व्यय में 4 करोड़ प्रतिमाह की कमी आ रही है ।भविष्य की पेयजल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 2,156.16 करोड़ रु. की लागत से चार मेगा जल प्रदाय परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ किया गया। इसके अन्तर्गत 2.48 लाख नए घरेलू नल कनेक्शन दिए जाएंगे तथा स्मार्ट जल प्रबंधन प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके अलावा 84.32 करोड़ रु. की लागत से 38 जलापूर्ति परियोजनाओं के माध्यम से नई डीआई एवं एचडीपीई पाइपलाइन, पंपिंग स्टेशन, फीडर मेन, भूमिगत सम्प तथा वितरण नेटवर्क का विस्तार किया गया। नर्मदा जल प्रदाय योजना के चौथे चरण को गति देकर भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।



उन्होंने कहा कि नगर निगम ने सीवर मुक्त शहर एवं स्वच्छ नदियां का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले चार वर्षों में 122.09 करोड़ रु. की लागत से सात प्रमुख सीवरेज परियोजनाएं पूर्ण हुईं तथा 30.65 किलोमीटर नई सीवर लाइन बिछाई गई। वर्तमान में शहर में 2,300.68 किलोमीटर सीवर नेटवर्क, 2.04 लाख से अधिक मैनहोल, 11 एसटीपी एवं 436.5 एमएलडी उपचार क्षमता उपलब्ध है। सिरपुर में 20 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी विकसित किया गया तथा आईटीआई-अनूप टॉकीज, बाणगंगा, खजराना, चाणक्यपुरी सहित कई क्षेत्रों में नेटवर्क का विस्तार हुआ। 1,746 बड़े एवं 5,624 छोटे आउटफॉल बंद कर नदियों में गंदे पानी का प्रवाह रोका गया। वर्तमान में 1,900 करोड़ रु. की परियोजनाओं की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिनसे 687 एमएलडी नई उपचार क्षमता एवं 450 किलोमीटर से अधिक नया नेटवर्क विकसित होगा।

### 800 करोड़ की लागत से सड़कों के निर्माण का काम शुरू

भार्गव ने बताया कि शहर की बढ़ती आबादी और भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को देखते हुए 800 करोड़ रु. से अधिक की सड़क परियोजनाओं को गति दी गई। 23 मास्टर प्लान सड़कों सहित लगभग 36 प्रमुख सड़क एवं लिंक रोड विकसित किए गए।बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने, मल्टीलेवल पार्किंग, एलिवेटेड कॉरिडोर, प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण तथा यातायात सुधार के अनेक कार्य किए गए।

उन्होंने कहा कि निगम के लाखों दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया गया तथा एक हजार वर्गफीट तक के भवन नक्शों की 24 घंटे में स्वीकृति की व्यवस्था लागू की गई। सीसीटीवी सर्विलांस नीति, वार्डवार मास्टर प्लान तथा स्मार्ट प्रशासन को भी नई दिशा दी गई। निगम ने लगातार दो वर्षों तक 1,000 करोड़ रु. से अधिक का राजस्व संग्रह कर नया रिकॉर्ड बनाया। निगम ने 17 विद्यालयों का आधुनिकीकरण करते हुए नए भवन, विज्ञान प्रयोगशालाएं, अतिरिक्त कक्ष, स्टाफ रूम एवं ऑडिटोरियम विकसित किए गए, जिन पर 15 करोड़ रु. से अधिक का निवेश किया गया। अगले चरण में लगभग 30 करोड़ रु. की लागत से 24 नए विद्यालय विकसित किए जाएंगे। प्रत्येक वार्ड में संजीवनी क्लिनिक स्थापित करने का कार्य किया गया। महिला सुरक्षा के लिए शी लाउंज एवं पिंक बस जैसी पहल शुरू की गई। सभी 85 वार्डों में योग शेड विकसित करने के तहत 22 योग शेड पूर्ण हो चुके हैं, 5 के टेंडर जारी हैं तथा 8 नए स्थलों का चयन किया गया है।निगम ने 153 अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण कर हजारों परिवारों को मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। कॉलोनी सेल के माध्यम से 1,789.55 करोड़ रु. का राजस्व प्राप्त हुआ तथा 30 नई कॉलोनियों में विकास कार्य प्रगति पर हैं। स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर ने वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। देश-विदेश के अनेक दलों ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अध्ययन किया।

उन्होंने कहा कि जू में 14-डी थिएटर एवं आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया। नगर निगम का नया परिषद भवन तैयार किया गया। सराफा बाजार के मूल स्वरूप के संरक्षण, प्रमुख उद्यानों के विकास, हुकुमचंद मिल विवाद के समाधान, विदेशों में रहने वाले इंदौरवासियों के लिए विशेष सुविधा तंत्र तथा इंदौर मेट्रो जैसी परियोजनाओं को भी गति मिली।

### आने वाले समय में क्या काम करेंगे?

**भार्गव ने कहा कि आगामी वर्षों में नगर निगम का फोकस सीवर मुक्त इंदौर, अमृत-2.0, नमामि गंगे, सिंहस्थ-2028, नई जल प्रदाय परियोजनाएं, आधुनिक सड़क नेटवर्क, डिजिटल गवर्नेंस, पर्यावरण संरक्षण, उपचारित जल के पुनः उपयोग, जलवायु अनुकूल विकास तथा नागरिक सहभागिता आधारित शहरी प्रबंधन पर रहेगा।**

## आयोग अध्यक्ष ने की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया द्वारा सफाई कर्मचारियों के संबंध में रेसीडेंसी कोठी पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। कामगार यूनियन से जुड़े पदाधिकारी एवं अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों सहित अन्य कर्मचारियों के उत्थान के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई मुद्दों पर चर्चा कर उन्हें शासन के पास भेजने के निर्णय लिए गए।



## बरसात में भी भरेंगे सड़क के गड्ढे, नगर निगम खर्च करेगा 98 लाख रुपये

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** बरसात के मौसम में सड़कों पर बनने वाले गड्ढों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। अब बारिश के दौरान भी सड़कों की मरम्मत का काम नहीं रुकेगा। इसके लिए निगम 98 लाख रुपये खर्च कर विशेष डामर सामग्री की खरीदी करेगा। इस संबंध में निविदाएं जारी कर दी गई हैं।

अब तक सड़कों पर गड्ढे भरने का काम गर्म डामर से किया जाता था, लेकिन बारिश शुरू होते ही डामर बनाने वाले संयंत्र बंद हो जाते हैं। ऐसे में सड़कों की मरम्मत करना मुश्किल हो जाता था। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम विशेष डामर सामग्री का उपयोग करेगा, जिससे वर्षा के दौरान भी गड्ढों को भरा जा सकेगा। इस कार्य में तेज दबाव वाली मशीनों का भी उपयोग किया जाएगा, ताकि मरम्मत अधिक मजबूत और टिकाऊ हो।

जनकार्य विभाग के कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह ने बताया कि शहर में अब तक करीब 15 इंच वर्षा हो चुकी है और अक्टूबर तक बारिश जारी रहने की संभावना है। लगातार बारिश से मुख्य मार्गों पर गड्ढे बनने लगते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए विभाग ने पहले से तैयारी शुरू कर दी है, ताकि पूरे वर्षाकाल में सड़क मरम्मत का कार्य लगातार चलता रहे। जनकार्य विभाग के प्रभारी एवं महापौर परिषद सदस्य राजेंद्र राठौर ने बताया कि नगर निगम के सभी 22 जोन कार्यालयों से अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों और खतरनाक गड्ढों की सूची मांगी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राथमिकता के आधार पर ऐसे गड्ढों को भरने का कार्य किया जाए, जिससे आम नागरिकों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, नगर निगम की इस पहल पर नेता प्रतिपक्ष सोनाली मिमरोट ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे देर से उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि शहर की जनता लंबे समय से खराब सड़कों, गंदे पानी और गंदगी की समस्या से जूझ रही है। उनके अनुसार शहर की अधिकांश सड़कें पहले से ही गड्ढों से भरी हुई हैं और निगम को समय रहते प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए थी।

## बाजारों में निगम की गाड़ी ने मचाया हल्ला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम की गाड़ियों ने शहर के अलग-अलग बाजारों में जाकर हल्ला मचा दिया है। अब निगम के द्वारा एक बार फिर दुकानों के बाहर का सामान उठाने की मुहिम शुरू की जाएगी।**

नगर निगम के मार्केट विभाग और रिमूवल विभाग की गाड़ियों ने कल शहर के अलग-अलग बाजारों में पहुंचकर वहां पर अनाउंसमेंट के माध्यम से हल्ला मचाया। इस अनाउंसमेंट में व्यापारियों को यह चेतावनी दी गई कि उनके द्वारा दुकान के बाहर जो सामान रखा गया है उसे उठाकर वह लोग दुकान के अंदर रख लेंवे। इन व्यापारियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से कहा गया कि यदि आपके द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर सामान रखा जाता है तो नगर निगम के द्वारा ऐसे सामान पर कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया जा सकता है।

### एक बार फिर दुकानों के बाहर का सामान उठाने की शुरू होगी मुहिम

ध्यान रहे कि पहले नगर निगम जिला प्रशासन और यातायात पुलिस के साथ मिलकर एक मुहिम चलाता था। इस मुहिम के अंतर्गत दुकान के बाहर रखे हुए सामान और यातायात में बाधक बन रहे हाथ ठेले को जब्त कर लिया जाता था। यह मुहिम जब भी जिस भी बाजार में चलती थी उस बाजार में हंगामा मचता था और व्यापारियों के द्वारा इस मुहिम का विरोध करते हुए यह आवाज उठाई जाती थी कि हमें समय दीजिए हम दुकान के बाहर सामान नहीं रखेंगे। जब तक मुहिम चलती थी तब तक इसका असर नजर आता था। बाद में फिर से व्यापारियों के द्वारा दुकान के बाहर सामान रखने का सिलसिला शुरू हो जाता था। अब नगर निगम के द्वारा कल अनाउंसमेंट करके व्यापारियों को चेतावनी दे दी गई है। इस चेतावनी के माध्यम से नगर निगम के द्वारा यह संकेत दिया गया है कि आने वाले समय में एक बार फिर इस मुहिम को शुरू किया जाएगा। इस मुहिम के माध्यम से व्यापारियों के सामान की जब्ती होगी और सड़कों को यातायात के लिए सुगम बनाया जाएगा।

# माहेश्वरी समाज चुनाव के विजेता मूंगड़ और बियाणी का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। माहेश्वरी समाज की प्रादेशिक पश्चिमांचल सभा के चुनाव में टीम उमा महेश पैनल के उम्मीदवारों की जीत हुई। उपाध्यक्ष राजेश मूंगड़ और कार्यसमिति सदस्य गोविंद बियाणी जो दोनों ही अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज है, इस क्षेत्र से अध्यक्ष मनोज कुइया, उपाध्यक्ष अजय लाहोटी, कोषाध्यक्ष दिनेश काबरा, संगठन मंत्री राजेश मुछाल ने क्षेत्र की उपलब्धि पर मूंगड़ और बियाणी का सम्मान किया। इधर हाईवे क्षेत्र के श्याम सारडा एवं मध्य क्षेत्र के राजेश सारडा, दक्षिण क्षेत्र के गोपालकृष्ण मानधन्या ने भी मूंगड़ को बधाई देकर सम्मानित किया।

# कापियों से सजा बाबा रणजीत का दरबार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सावन मास के प्रति मंगलवार को रणजीत हनुमान मंदिर पर हर वर्ष विशेष श्रृंगार किया जाता है। आज सावन के प्रथम मंगलवार को 5 हजार कापियों से रणजीत हनुमान के गर्भ गृह को सजाया गया। बाबा रणजीत भी कापी में भगवान राम का नाम लिखते हुए दर्शन दे रहे है। पं. दीपेश व्यास ने बताया कि इन कापियों को सरकारी स्कूल के जरुरतमंद विद्यार्थियों में वितरित की जाएगी।

# रणजीत बाबा दरबार से निकली लड्डू गोपाल की प्रभातफेरी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

श्री सांवरिया मित्र मंडल पदयात्री संघ द्वारा रोजाना सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। आज सुबह यह यात्रा रणजीत हनुमान मंदिर से निकाली गई। प्रमुख रूप से कृष्णकांत कुसुमाकर, अर्पण कुसुमाकर, पंकज कुसुमाकर, सचिन कुसुमाकर, अंकित कुसुमाकर, अतुल कुसुमाकर, राधा कुसुमाकर, स्वाति कुसुमाकर, दीपिका कुसुमाकर, मोनिका कुसुमाकर, मधु कुसुमाकर, जया कुसुमाकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं पूर्व में दर्जी कराड़िया ग्राम से भी हिन्दू-मुस्लिम एकता के साथ यह प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें धनराज कुमावत, कमलेश शर्मा, धनराज राव, बंसीवन, विष्णु चौधरी, आनंदीलाल राठौड़ एवं प्रकाश चौधरी जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी हुआ था। दोनों ही जगह महाआरती भी गई।

# नेत्र और दंत चिकित्सा शिविर लगेगा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 सालां शहीदी पर्व को समर्पित गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल एवं लायंस क्लब इन्दौर डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में 7 अगस्त को प्रातः 10 बजे से नेत्र एवं दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन गुरु तेग बहादुर चेरिटेबल हॉस्पिटल नन्दानगर, पर किया जाएगा। डॉ. एसएस उबेजा ने बताया कि इसके लिए पंजीयन रोजाना प्रातः 10 से 12 बजे तक हॉस्पिटल पर किया जा रहा है, जरूरत मंद लोगों के ऑपरेशन एवं चश्मे, दवाईयाँ भी निःशुल्क दी जावेगी।

# योग गुरुओं का सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजवाड़ा अहिल्या प्रतिमा परिसर में योग गुरुओं का सम्मान किया गया। डॉ. भरत साबू, डॉ. विनीता कोठारी, डॉ. अंतिम जैन, देवेन्द्र शर्मा, मुकेश बरूआ, अमिता लुहाडिया, मधुसूदन सोमानी, डॉ. संजय लोंढे, रोशनी गलानी, पवन जैन, डॉ. आलोक द्विवेदी, श्याम पांडे, डॉ. संजय माहेश्वरी, परमजीत खनूजा, पुरुषोत्तम डेंग्रे, अनुराग मलिक, जयदीप मराठे, रामदास पटेल, शैलेन्द्र पंड्या, राजकुमार मौर्य, मोहन अकोदिया, कपिल जोशी, प्रदीप नीमा, उमेश अग्रवाल, नीति द्विवेदी, उर्मिला बजाज, तेजस्वीनि आर्य, कंचन जेठानी, अमिता लुहाडिया, रानी भार्गव, विनीता जैन, संगीता पतंग्या, सरिता सेंगर, माधुरी गाडेवाल, रोशनी गलानी, प्रीति पालीवाल, पल्लवी सोलंकी, प्रीति आर्य, पल्लवी श्रीवास्तव, नीता माहेश्वरी, मौजूद थे।

# हमने पौधा रोपा, आप भी रौंपे



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मानावत ने सिरपुर तालाब परिसर में पौधारोपण का आयोजन किया। मानावत ने कहा कि हमने पौधा, आप भी पौधा रोपे। खासतौर से जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाएं।



# पौधारोपण किया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मंगलमूर्ति नगर रहवासी संघ ने पौधारोपण किया। श्रवण वर्मा, जयप्रकाश इन्दौरिया, आशीष पाटीदार, जयदीप मांजरेकर, हेमन्त तोमर, विमल पटिल, राधेश्याम पाटीदार, मुकेश तोमर, गणेश कुमावत, विनोद गौर, बंसत गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# जीवन रक्षक घोल को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आईएपी ने ओआरएस सप्ताह के अन्तर्गत जीवन रक्षक घोल को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए 8 अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस ओआरएस के महत्व और सही विधि की जानकारी दी गई। कई कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग के साथ आंगनवाड़ी की टीम शामिल हुई। डॉ. अनुराधा जैन ने उक्त जानकारी दी।



# एक शाम सुरों के नाम



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बाल निकेतन विद्यालय के सभागृह में संस्कार म्यूजिकल ऑफिशियल ग्रुप द्वारा एक शाम सुरों के नाम संगीत निशा आयोजित की गई। आयोजक नितिन बोराडे ने बताया कि सावन महीने और स्वतंत्रता दिवस थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सिर्फ धार्मिक और देशभक्ति से जुड़े गीत प्रस्तुति किए गए। आयोजन में प्रमुख रूप से हेमेन्द्र सिंह गौड़, दिनेश पडिहार, सोनू गवते, अशोक पांचाल, सविता वैष्णव सहित अन्य कलाकार और संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



# एडवेंचर ग्रुप के सदस्य पहुंचे रालामंडल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एडवेंचर ग्रुप के सदस्य मित्रता दिवस पर दोस्तों के साथ कपल ग्रुप में रालामंडल पहुंचे। प्रकृति को निहारा अब्बास अली बड़वानीवाला, शेख मोहम्मद कुवंरजी, जुजर खोकावाला, मुर्तजा मटकावाला, आबिद लोखंडवाला, अदनान खरगोनवाला, डॉ. सफदरी, अदनान मटकावाला, शब्बीर रंगवाला उपस्थित थे।

# स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों का स्वर्ण जयंती मिलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शासकीय स्कूल नन्दानगर के प्रांगण में 50 वर्ष पुराने विद्यार्थियों 1976 की बैच ने स्वर्ण जयंती मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। पुरानी बातें याद की गई। किशोर रावत, ओमप्रकाश कड़ेला, मुकेश तिवारी, राकेश तिवारी, अशोक जैन, राजेंद्र श्रीवास्तव, देवेंद्र अत्रे, सतीश शर्मा, राजेंद्र वसिया, घनश्याम देवाल, मुकेश जैन, बालकृष्ण जोशी, ओमप्रकाश कलडाले सहित अन्य मौजूद थे।





# जागृति मिशन का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व जागृति मिशन ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया। रामस्नेही संत भी मौजूद रहे। महाआरती प्रसादी का आयोजन हुआ। राजेंद्र अग्रवाल, दिलीप बडोले, कृष्णमुरारी शर्मा, ओमप्रकाश सोलंकी, अनिल शर्मा, पीतांबर मंगलानी, गोविंद गंगराड़े, सत्यनारायण मारू, अजय बैंडवाल, अजय कानूनगो, नवीनचंद्र भुसारी, आशालता डाबर, स्वीटी शर्मा, शोभा जोशी, शोभा सोलंकी, कुसुम ओसवाल, मधुकान्ता मौजूद थे।



# माहेश्वरी प्रीति क्लब का 'फ्रेंडशिप डे'

## 160 कपल ने किया सेलिब्रेशन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माहेश्वरी समाज की कपल क्लब 'माहेश्वरी प्रीति क्लब' का फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेशन रिसोर्ट में हुआ। 160 कपल सदस्यों ने शिरकत की। फ्रेंडशिप डे की थीम पर दम्पति व्हाइट एंड ब्लू ड्रेस कोड में नजर आए। सभी ने फ्रेण्डशिप डे पर मौज मस्ती कर सेलिब्रेशन किया। आखिरी में कैक सेलिब्रेशन हुआ। मनोज-सुनीता जाखेटिया, सुनील-अनीता लाहोटी, अशोक-संगीता लड्ढा, यश-पारुल गांधी, पंकज-प्रीति बजाज, महेश-अर्चना लाहोटी, परेश-शिल्पा सोनी ने अपनी जिम्मेदारी निभाई।

# क्लाथ मार्केट सेवानिवृत बैंक कर्मियों का सम्मान



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर क्लॉथ मार्केट को-ऑप बैंक कर्मचारियों की संस्था वर्कस आर्गेनाइजेशन द्वारा सेवा निवृत बैंक कर्मियों का सम्मान किया गया। सम्पत सारडा, रामअवतार शर्मा, जयंत भिसे, जुगमंदरलाल जैन, प्रहलाद सेठ, सुरेश बजाज, ललित कोठारी, दिलीप नीमा, राजेन्द्र शर्मा, जितेन्द्र पाटोदी एव के.के. नामदेव की मौजूदगी में राजेश वोरा, दिलीप जैन, कमल कासलीवाल, सुरेन्द्र जैन, एवं अन्य कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया।



# आठ दम्पति कर रहे है 31 सालों से हर माह पार्टी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जैन समाज और कांग्रेस से जुडे जैनेश झांझरी ने बताया कि उनके आठ दम्पतियों की जोडी 1995 से अनवरत चल रही है। 31 सालों में हर माह चाय-पार्टी, लंच और डीनर का आयोजन के अलावा वर्ष में दो बार तीर्थ व मनोरम जगह साथ घूमने जाते है। इन आठ दम्पतियों में जैनेश मेघना झांझरी, विनोद लता अग्रवाल, संदीप मोना डोसी, रूपेश ऋतु झांझरी, संजय मनीषा जैन, मनीष नीलू लुहाड़िया, संदीप कल्पना गोधा, मनोज सीमा बड़जात्या है।

# 'सखा ग्रुप' ने मित्रता दिवस पर लिया संकल्प

## समाज सेवा और राष्ट्र सेवा करेंगे



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संस्था 'सखा ग्रुप' द्वारा फ्रेंडशिप-डे के अवसर पर सभी मित्रों के साथ आत्मीय वातावरण में चाय की चुस्कियों के बीच मित्रता उत्सव मनाया। मनमोहन झांझरी ने बताया कि सभी सखा मिलकर समाज और मानवता के हित में काम करेंगे, जन-जन को लाभ पहुंचाएंगे। डॉली-मनमोहन झांझरी, अनिल बबीता-कासलीवाल,राजेश-साधना गंगवाल, मनोज-लता बज, प्रमोद-बबीता पाटोदी, पवन-संगीता पाटोदी, विनीता-विजय पाटनी उपस्थित थे।

# पंचदेव मंदिर में नागदेव पूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कल छोटी नागपंचमी पर प्राचीन पंचदेव मंदिर एमआईजी में, वैश्य समाज द्वारा मंदिर में नाग का पूजन किया। रमा दीदी ने बताया कि बडी संख्या में मातृशक्तियां पूजन में मौजूद रही।



# मठ में हुआ पूजन आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। हंसदास मठ बिजासन रोड पर कल छोटी नागपंचमी पर नाग देवता की बांबी पर मातृशक्तियों ने पूजन किया। मंदिर में भी नागदेवता का पूजन किया गया। वैदपाठी विद्वानों द्वारा गोपाल सहस्त्रनाम के पाठ से पूजा-अर्चना की गई।



# मदीहा मंसूरी ने हासिल किया दूसरा मुकाम

## सिल्वर ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से नवाज़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दसबमिशन सोसायटी' द्वारा 'लीडरशिप टॉक - स्पीच कॉम्पिटिशन' का आयोजन किया।. स्कूलों और कॉलेज से आए लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अल-हिरा पब्लिक स्कूल की छात्रा मदीहा-आरिफ मंसूरी ने दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया। 200 होनहार छात्रों के बीच मदीहा ने अपने आत्मविश्वासी अंदाज़ और तर्कसंगत विचारों से निर्णायकों को बेहद प्रभावित किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन पर उन्हें सिल्वर ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से नवाज़ा गया। प्राचार्य याकूब मेमन और मदीहा के पिता आरिफ मंसूरी के साथ शिक्षकों ने भी बधाई दी।




# कावड यात्रियों का स्वागत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संस्था अग्रमंच द्वारा कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। अग्रवाल समाजजनों की मौजूदगी में दीपिका-आशीष गोयल ने कल महेश्वर रवाना हुई कावड यात्रा और यात्रियों का सम्मान किया। विधायक राकेश शुक्ला को महाकाल का चित्र भेंट किया गया। आशीष गोयल, रानू अग्रवाल, सचिन बंसल, निकुंज गोयल, कीर्ति अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, राजेश कुंजीलाल गोयल, नवनीत केडिया, हेमंत अग्रवाल, विकास केडिया, शैलेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कपिल गोयल, रवि गोयल, शिवनारायण अग्रवाल मौजूद थे।

# इंदौर में मिस यूनिवर्स इंडिया के 52 फाइनलिस्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

देश की सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 अब अपने निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुकी है। देशभर से चयनित 52 प्रतिभाशाली फाइनलिस्ट प्रतिष्ठित ताज के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा में हैं। दिल्ली से शुरू हुई ग्रैंड फिनाले की यात्रा, जयपुर में आयोजित सैशिंग सेरेमनी, इंट्रोडक्शन वॉक, स्पीच राउंड और गाला डिनर तथा बेंगलुरु में संपन्न स्विमसूट राउंड के बाद अब सभी फाइनलिस्ट इंदौर पहुँच चुकी हैं। यहाँ वे 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं, जहाँ उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की ग्रूमिंग, व्यक्तित्व विकास और प्रोफेशनल रनवे कोचिंग प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागी आधिकारिक फोटोशूट, वीडियो प्रोडक्शन, ओपनिंग नंबर की रिहर्सल, फैशन प्रेजेंटेशन और मंचीय प्रस्तुति से जुड़े विभिन्न सत्रों में भाग लेंगी। साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संचार विशेषज्ञ, लेखक एवं शिक्षाविद् मिहिर मंकड़ द्वारा संचालित विशेष कम्युनिकेशन मास्टरक्लास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस विशेष मास्टरक्लास का उद्देश्य प्रतिभागियों में प्रभावी संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सार्वजनिक वक्तृत्व, स्टोरीटेलिंग तथा मीडिया से संवाद जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करना है। संवादात्मक चर्चाओं और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से फाइनलिस्ट्स को अपनी मौलिक एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का आत्मविश्वास के साथ प्रतिनिधित्व कर सकें। मिहिर मंकड, निखिल आनंद, निशांत आनंद, सर्वेश कश्यप अपनी भूमिका निभा रहे है।



सावन सोमवार की खबरें पेज 8 पर देखें



# राम भक्त हनुमानजी का विशेष श्रृंगार

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्री राम भक्त हनुमान मंदिर, सुभाष चौक स्थित हनुमानजी का विशेष श्रृंगार भारतीय सेना को समर्पित रहा। आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भूतेश्वर महादेव का जारी है बिल्व पत्र से अर्चन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के पहले दिन से चल रहे सर्व मनोकामना सिद्धिप्रद अहर्निश लक्ष्य बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग के अनूठे आयोजन में देशभर से आए विद्वानों, आचार्यों और ब्राह्मणों के सानिध्य में प्रतिदिन 24 घंटे शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के बीच 1 लाख बिल्व पत्र से लगातार रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ एवं शिव आराधना से समूचा पंचकुईया क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। श्रावण के पहले सोमवार को यहाँ दिनभर भक्तों का मेला जुटा रहा जिन्होंने भगवान शिव को बिल्व पत्र समर्पित करने का पुण्य लाभ भी उठाया। यहाँ प्राचीन भूतेश्वर महादेव के साथ सात अन्य पार्थिव शिवलिंग भी स्थापित किए गए हैं जहाँ दो -दो घंटे की बारह पारियों में भगवान भूतेश्वर को प्रतिदिन 1 लाख बिल्व पत्र समर्पित कर साधकों के परिवार, समाज और राष्ट्र में सुख शांति एवं सदभाव के साथ ही सुखद वर्षा की प्रार्थना भी की जा रही है।

# भोले बाबा का फूलों से श्रृंगार

इंदर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। न्याय नगर उद्यान स्थित महादेव मंदिर पर सावन के प्रथम सोमवार को भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार किया गया। अभिषेक, पूजन कर आरती की गई। सुबह से रात तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। गौरव उपाध्याय, कविता पचौरी, सीमा पचौरी, आभा मिश्रा, गौतम सहित अन्य मौजूद थे।



## शिवजी का रुद्राभिषेक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। प्रथम सोमवार को गीता भवन में पांच विद्वान ब्राह्मणों ने आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के सानिध्य में बिल्व पत्र एवं फूलों से भगवान भोले शंकर का रुद्राभिषेक किया। दिनेश मित्तल, राम ऐरन, मनोहर बाहेती, हरीश माहेश्वरी, रामविलास राठी सहित अन्य मौजूद थे।

# सराफेश्वर महादेव की शाही सवारी सराफा से निकलेगी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के तत्वावधान में 10 अगस्त सोमवार को सायं 6 बजे श्री सराफेश्वर महादेव की शाही सवारी सराफा बाजार से निकाली जाएगी। यह शाही सवारी शहर के प्रमुख व्यापारिक बाजारों से होकर गुजरेगी, जहां विभिन्न बाजार संगठन, व्यापारी संघ एवं श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री सराफेश्वर महादेव का पुष्पवर्षा, आरती एवं भव्य स्वागत किया जाएगा। मंदिर पर सावन मास में रोजाना धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। यात्रा से हुकम सोनी, सुशील गुप्ता, बसंत सोनी जुड़े हुए है।



## गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए पहुंचते रहे श्रद्धालु

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री गेंदेश्वर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर (शिवधाम) परदेशीपुरा में 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचते रहे। मंदिर में विशेष श्रृंगार प्रभु दर्शन में आकर्षण का केन्द्र रहा।

## दूल्हे के रूप में सजे भगवान भोलेनाथ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। श्रीविद्याधाम मंदिर पर कल पहले सावन सोमवार को 21 विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों द्वारा अभिषेकात्मक लघु रूद्र महायज्ञ किए गए। सावन के पहले सोमवार के उपलक्ष्य में संध्या को शिव मंदिर में दस तरह के फूलों एवं भस्म से भगवान का दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया गया। भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में सजाया गया। रोजाना सावन में अभिषेक, पूजन और शाम से रात तक सामूहिक शिव महिम्न पाठ एवं शिव आराधना के अनुष्ठान किए जा रहे है।

### चंद्रमौलेश्वर, अनंतेश्वर एवं सोमेश्वर महादेव मंदिरों में अभिषेक

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। सावन सोमवार पर कल तुलसी नगर स्थित शिवालय पर अभिषेक कर श्रद्धालुओं ने बिल्व पत्र अर्पण किए। चंद्रमौलेश्वर, अनंतेश्वर एवं सोमेश्वर महादेव मंदिरों में प्रातःकाल से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। आरती भी की गई।



# अर्धनारेश्वर स्वरूप में सजे अलीजा बाबा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पंचकुइया स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर कल प्रतम सावन सोमवार पर विशेष श्रृंगार किया गया। हनुमानजी को कैलाश पर्वत पर अर्धनारेश्वर स्वरूप में सजाया गया। देर रात तक दर्शनार्थियों की मंदिर में कतार लगी रही।

# फलाहारी खिचड़ी का वितरण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर श्रावण सोमवार महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में



मनाया गया। अभिषेक, पूजन, महाआरती का आयोजन हुआ। श्रावण मास में मंदिर पर अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है।

# 'भोले के भक्तों की सेना' भजन का लोकार्पण



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अन्नपूर्णा आश्रम पर भगवान महाकाल को समर्पित 'राम धुन–द बैंड' द्वारा भक्ति गीत 'भोले के भक्तों की सेना' का लोकार्पण हर-हर महादेव के जयघोष के बीच सम्पन्न हुआ। ग़ायक पीयूष पारे, अशोक गोयल, हरि अग्रवाल, महेंद्र सिंह सोनगिरा सहित अन्य मौजूद थे।

# भगवान शिव का फूल-पत्तियों से श्रृंगार



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अन्नपूर्णा मंदिर पर श्रावण मास में 11 विद्वान पंडितों द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में लघु रूद्र एवं सहस्त्रार्चन अनुष्ठान किए जा रहे हैं। स्वामी जयेन्द्रानंद गिरि ने बताया कि पहले सोमवार को भगवान काशी विश्वनाथ के सहस्त्रार्चन के साथ ही मुख्य मंदिर पर फूल, पत्तियों एवं रंगीन गुब्बारों, बर्फ, रूई आदि से बाबा बर्फानी के रूप में श्रृंगार किया गया।

## चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में 11 लाख ॐ नमः शिवाय का जाप

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। देपालपुर के श्री चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास में पूरे माह में 11 लाख ॐ ह्रीं नमः शिवाय महामंत्र का जाप किया जाता है। सावन शुरू होते ही यह जाप शुरू हो चुका है।

# एकल नाटक में द्रोपदी

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संतोष क्रांति फाउंडेशन के बैनर तले रंगलीला आर्ट ऑफ गैलरी द्वारा प्रस्तुत एकल नाटक में अभिनेत्री सारिका दीक्षित द्वारा आज की द्रौपदी का लाइव परफॉर्मेंस होटल में हुए आयोजन में निर्देशन पंकज उपाध्याय, निर्माता एवं परिकल्पना विनायक सिंह, लेखन सारिका दीक्षित, संगीत अजहर कुरैशी, ड्रेस स्टाइलिंग वर्षा उपाध्याय, मेकअप निधी वर्मा, मंच सज्जा नैपथ्य (बैक स्टेज) सार्थक उपाध्याय, अमृता दीक्षित ने किया। कलाकार के रूप में सारिका दीक्षित, रुप्पल मंडलोई, अविरूप मंडलोई, प्रकाश आयोजन से जुड़े रहे।



# गौसेवक भेजेंगे मोदीजी को गौरक्षा का संदेश

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। माँ पराम्बा गौभक्त मंडल के प्रमुख और गौसेवक योगेश होलानी, शैलेष मूंदड़ा ने शहर के सभी गौभक्तों से आग्रह किया है कि वे आज मंगलवार 4 अगस्त को शाम 6 से 7 बजे के बीच जहाँ कहीं हों, वहीं से एक मिनिट रूककर अपने मोबाइल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने एक्स ट्वीटर हैंडल से गौमाता के सम्मान एवं संरक्षण हेतु एक साथ ट्वीट करें। इस दौरान नरेन्द्र मोदीजी के कर्यालय स्थित ट्वीटर हैंडल पीएमओइंडिया के पते पर भी इसी आशय का सन्देश करें। गौरक्षा राष्ट्र रक्षा और गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत देश की अनेक प्रमुख संस्थाओं द्वारा यह आह्वान किया गया है।

## संपादकीय

# राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने दिखाया दम भविष्य की बढ़ी उम्मीदें

ग्लासगो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक सहित कुल 39 पदक जीते। इस वर्ष के राष्ट्रमंडल खेलों की अंतिम पदक तालिका में भारत भले ही चौथे स्थान पर रहा लेकिन देश के खिलाड़ियों ने जैसा प्रदर्शन किया, वह एक बेहतर भविष्य का संकेत है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले हर अगले आयोजन में खेलों में जीत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, क्षमताओं की कसौटियां ज्यादा बेहतर प्रदर्शन की मांग कर रही हैं लेकिन अब भारतीय खिलाड़ियों ने भी मैदान में अपनी धमक छोड़नी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ग्लासगो में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक सहित कुल 39 पदक जीते। ज्यादातर खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छी खासी चुनौती पेश की लेकिन भारोत्तोलन, जूडो और पैरा खेलों में भारत ने इतिहास रचते हुए अपनी कामयाबी का झंडा बुलंद किया। खासतौर पर मुक्केबाजी में भारतीय खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण और तीन रजत के साथ कुल दस पदक जीते बल्कि इस वर्ष के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने मुक्केबाजी के मैदान में अपनी सबसे कामयाब छाप छोड़ी और महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा, एक ही राष्ट्रमंडल खेल में एथलेटिक्स में एक से ज्यादा पदक जीतने वाले पहले भारतीय गुलवीर सिंह भी इस आयोजन में देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि रहे। अलग-अलग खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने शीर्ष स्तर पर रहने वाले देशों को ठोस चुनौती दी और एक तरह से यह दर्शाया कि किसी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उनकी उपस्थिति को अब महज औपचारिकता नहीं माना जा सकता। पदकों की संख्या के संदर्भ में देखा जाएगा तो इसे 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की उपलब्धि से कम माना जाएगा। हालांकि, यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि इस वर्ष के आयोजन में कुश्ती, हाकी, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसे कुछ खेल नहीं थे जिसमें पारंपरिक रूप से भारत का मोर्चा मजबूत रहा है। हालांकि मौजूदा उपलब्धियों और अन्य देशों के प्रदर्शन के आलोक में देखें तो भारत को अभी काफी प्रयास करना होगा लेकिन इस आयोजन में हासिल उपलब्धियां और प्रदर्शन का स्तर भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उम्मीद के वाहक हैं। आमजन की यह उम्मीद होती है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि उनकी समस्याओं, चिंताओं एवं जरूरतों को संसद में रखेंगे और उन पर विचार-विमर्श के बाद एक सक्षम कानून या योजना बनाई जाएगी। मगर, जब संसद में व्यापक चर्चा के बिना ही किसी विधेयक को पारित कर कानून की शक्ल दे दी जाए, तो उसकी समग्र व्यावहारिकता और सार्थकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# फर्जी शादी कराने वाले गिरोह से राज उगलवाने की कोशिश

## नाबालिगों का सौदा कर आरोपियों से पूछताछ जारी, रिमांड के दौरान हो रही है सख्त पूछताछ

**इंदौर।** बाणगंगा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों की सौदेबाजी कर उनकी फर्जी शादी कराने और फिर रुपए व गहने हड़पने वाले एक शातिर अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता और फर्जी दूल्हे व उसके पिता सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। वहीं गिरोह में शामिल एक महिला समेत पांच अन्य फरार सदस्यों की तलाश में पुलिस टीमों को रवाना किया गया है।

एसीपी रुबीना मिजवानी ने बताया कि बाणगंगा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अचानक लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, तो एक बड़े मानव तस्करी और फर्जी विवाह रैकेट का खुलासा हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित बचाकर परिजनों के सुपुर्द किया और गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संजय उर्फ संजू यादव निवासी मूसाखेड़ी, रामविलास उर्फ राकेश यादव निवासी वृंदावन कॉलोनी, फर्जी दूल्हा बने संजू पाटीदार निवासी बड़ावदा, जिला रतलाम और उसके पिता नंदराम पाटीदार के रूप में हुई है।जांच में सामने आया कि गिरोह के मुख्य षड्यंत्रकर्ता संजय यादव और रामविलास ने पीड़िता की कमजोर आर्थिक स्थिति और पारिवारिक मजबूरी का फायदा उठाया था। आरोपियों ने उसे जल्द अमीर बनने और नया मकान खरीदने का लालच देकर झांसे में लिया। आरोपियों ने उससे कहा कि शादी के बाद लाखों रुपये मिलेंगे, जिसमें से उसे भी बड़ा हिस्सा दिया जाएगा। इसके बाद गिरोह ने पीड़िता के पहचान पत्र में जन्मतिथि में हेरफेर कर उसे बालिग दर्शाया और खुद फर्जी रिश्तेदार बनकर 3 लाख रुपये में उसकी सौदेबाजी कर शादी रचा दी। एसीपी के मुताबिक, इस नेटवर्क में शामिल सोनू बंजारा, किशोर चौहान, कच्छूलाल गुर्जर, लालसिंह गुर्जर और बाबू दादा फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस रिमांड के दौरान पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है, जिससे इस गिरोह द्वारा पूर्व में की गई अन्य वारदात और फर्जी शादियों के खुलासे होने की प्रबल संभावना है।

# बल्ले व चाकू से किया हमला

## फोन कर मंदिर के पास बुलाया, फिर की वारदात

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के राम मंदिर के पास फोन कर बुलाने के बाद दो युवकों पर क्रिकेट बैट और चाकू से हमला करने की वारदात सामने आई है। आरोपियों ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए हमला किया और मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर बाणगंगा थाना पुलिस ने आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, न्यू राम नगर निवासी फरियादी तुषार पिता इन्दरसिंह चौहान ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने दोस्त नीरज यादव के साथ न्यू राम नगर रास्ते पर था, तभी नीरज के मोबाइल पर उसके दोस्त आकाश का फोन आया। आकाश ने उनसे राम मंदिर के पास आकर मिलने की बात कही। रात करीब 10 बजे जब तुषार और नीरज राम मंदिर के पास पहुंचे, तो वहां पहले से आरोपी पीयूष निवासी विजयवर्गीय नगर और आकाश उर्फ अक्कू राजपूत निवासी सुंदर नगर अपने अन्य साथियों के साथ मौजूद थे। दोनों को देखते ही आरोपी गाली-गलौज करने लगे और बोले कि वहां ज्यादा नेता बन रहे थे, अब तुमको बताते हैं। इसके बाद आरोपियों ने अपने पास रखे क्रिकेट बैट और चाकू से तुषार और उसके दोस्त पर अचानक हमला कर दिया। हमले में युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए।

# विशेषज्ञों ने छात्रों को बताए करियर के नए आयाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रेस्टीज, डिम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं डिपार्टमेंट ऑफ फिल्म एंड डिजिटल कम्युनिकेशन द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल मार्केटिंग और बदलती करियर संभावनाओं की व्यावहारिक समझ प्रदान की गई। कार्यक्रम में बीएजेएमसी एवं एमएमसी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विशेषज्ञों से भविष्य की पेशेवर चुनौतियों एवं अवसरों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को करियर के नए आयाम बताए।

# स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति के लिए एसोपी बनाने के निर्देश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सम्भागायुक्त कार्यालय में सम्भागायुक्त भास्कर लक्षकार द्वारा स्कूल शिक्षा, जनजाति कार्य, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। लक्षकार ने चारों विभागों को विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की हिदायत दी।शिक्षकों और कर्मचारियों के समयमान, वेतनमान, पेंशन और जीपीएफ के मसले पर निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिक्षकों और कर्मचारियों के हित के कार्यों को नियमानुसार अपडेट रखने के निर्देश दिए।स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के नए सिस्टम की निगरानी के लिए एसओपी बनायी जाए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अलग कार्य योजना पर काम करने के निर्देश दिए है। साथ ही स्थानीय समस्याओं के निराकरण पर संभागीय अधिकारी अपनी प्राथमिकताएं तय करें। बैठक में अधिकारी डॉ. शॉजी जोसेफ,डॉ. स्मिता तिवारी, गणेश भाभर, सुनीता यादव, अनिता चौहान, शिवानी वर्मा मौजूद थे। सम्भागायुक्त ने शिक्षक उपस्थिति देखी तो 14 जनपदों में 94 प्रतिशत और जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत जनपदों में स्थापित स्कूलों में 72 शिक्षकों की उपस्थिति जुलाई माह में रही है। सम्भागायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों में आयुष्मान के क्लेम प्रकरण बनाए। लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिन महिलाओं का पंजीयन नहीं हुआ है, उनके पंजीयन तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर इस कार्य को गभीरता से लेने के निर्देश दिए है। पोषण पुर्नवास केन्द्रों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बच्चों का वजन लेने, सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वॉटर हार्वेस्टिंग को सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर स्थानीय समस्याओं के निराकरण आपसी समन्वय के साथ करें। संभाग के सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली की व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ किया जाए।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 141800 | 143800 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 221700 | 219700 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# अनुज, अबु बने जिला चैंपियन

**इंदौर।** जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में सत्र की तृतीय इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग का खिताब अनुज सोनी ने जीत लिया। वही आराध्या राजपुत ने महिला एकल एवं बालिका अंडर-19 आयु वर्ग में दौहरा खिताब अर्जित किया। बालक अंडर-19 आयु वर्ग का खिताब अबु बकर ने जीता।

अभय प्रशाल में आयोजित हुई स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग के फायनल मुकाबले में अनुज ने पंकज विश्वकर्मा को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-1 से हराकर खिताब आपने नाम किया। सेमीफायनल में अनुज ने कार्तिकेय कौशिक को 3-2 से तथा पंकज ने अबु बकर को 4-0 से हराया। महिला एकल वर्ग के फायनल मुकाबले में आराध्या ने हिया पटेल को 4-1 से परास्त किया। सेमीफायनल में हिया ने पटेल ने भाग्यश्री दवे को 3-2 से, आराध्या राजपुत ने अक्षिता मित्तल को 3-1 से परास्त किया। बालक अंडर-19 आयु वर्ग के फायनल मुकाबले में अबु बकर ने रिदम गढिया को 3-1 से हराकर खिताब जीता। सेमीफायनल में रिदम ने अभि जैन को 3-1 से, अबु ने रक्षत चावडा को 3-1 से हराया। बालिका अंडर-19 आयु वर्ग के फायनल मुकाबले में आराध्या राजपुत ने हिया पटेल को 3-2 से हराया। सेमीफायनल में हिया ने भाग्यश्री दवे को 3-0 से, आराध्या राजपुत ने अक्षिता मित्तल को 3-0 से मात दी।

# देश के विभिन्न राज्यों के योग खिलाड़ी विभिन्न वर्गों में हिस्सा लेंगे

**इंदौर।** प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी योग चैंपियनशिप मंगलवार से द एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रारंभ होगी। देश के विभिन्न राज्यों की टीमें 4 से 7 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में न सिर्फ पदकों की होड़ करेंगी बल्कि बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी पैदा करेंगी।

एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें बालक और बालिका वर्ग में अपनी प्रतिभागिता करेंगी। योग खेल के रूप में स्टूडेंट्स के शारीरिक विकास के साथ ही बौद्धिक विकास में भी सहायक है। ऑल इंडिया आइपीएससी स्पर्धा तीन आयु वर्गों में आयोजित होगी। इसमें अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा के दौरान खिलाड़ी विभिन्न आसनों की प्रस्तुती देंगे। औपचारिक शुभारंभ 4 अगस्त को सुबह के सत्र में होगा।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलेगा

## आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रयास

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार इन्दौर जिले में आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अभियान की तैयारियां समय पर पूर्ण करने और प्रभावी आयोजन के लिए निर्देश दिए है। यह अभियान 7 अगस्त से प्रारंभ होकर आगामी 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर पहुँचकर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों तथा लोकसेवाओं की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। वही टाइम लिमिट बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, अवैध कॉलोनियों, फायर सेफ्टी की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे, हिमांशु प्रजापति, नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही हर शुक्रवार 7 अगस्त से प्रदेशभर में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान प्रारंभ होने की बात कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताई और इसकी तैयारी भी की जा रही है। संवाद कार्यक्रम भी होंगे। बैठक में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। साथ ही नगर निगम द्वारा भवनों में अवैध बेसमेंट पार्किंग एवं फायर सेफ्टी मानकों के पालन के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन भवनों में अभी तक आवश्यक सुरक्षा कार्य शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित से जुड़े सभी कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

---

**सरल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित ग्राम बड़ोदिया एमा, तहसील सांवेर**

**साधारण सभा**

संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 16-08-2026 रविवार को प्रातः 11.00 बजे से श्री रघुवंशी समाज धर्मशाला, मरीमाता चौराहा, इन्दौर पर रखी गई है। कोरम के अभाव में 30 मिनिट पश्चात आमसभा उसी स्थान पर पुनः प्रारम्भ होंगी, सूचना पृथक से भेजी जा रही है, अवश्य पधारें। (गोपाल वाधवा)
अध्यक्ष
मो.98270-77889

---

### कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
### श्री इन्दौर क्लॉथ मार्केट मध्यमवर्गीय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इन्दौर

**कार्यालय-'मुकुट' मांगलिक परिसर गुमाश्ता नगर सुखनिवास रोड इन्दौर**
**(पंजीयन क्रमांक/डी.आर./आय.डी.आर./154 दिनांक 18.05.1973)**

क्रमांक/निर्वाचन/2026/ इन्दौर दिनांक 03.08.2026

**सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन**

एतद द्वारा संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय, उप आयुक्त सहकारिता जिला इन्दौर, कार्यालय जनपद पंचायत इन्दौर एवं कार्यालय क्लाथ मार्केट को-आपरेटिव बैंक शाखा गुमाश्ता नगर इन्दौर के सूचना पटल पर दिनांक 03.08.2026 को किया जाकर सूची पर दिनांक 10.08.2026 तक दावा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु सूचना समस्त सदस्यों को साधारण डाक से उनके ज्ञात पते पर प्रेषित की गई है। यदि किसी सदस्य को किसी कारणवश डाक से सूचना प्राप्त न हो तो कृपया इस विज्ञप्ति को सूचना मानते हुए प्रकाशित सूची पर उल्लेखित दिनांक तक दावा आपत्तियां श्री भीमराव भंगाले मोबाइल-9406631822 को प्रशासकीय संकुल कक्ष नं. 303 सेटेलाईट भवन कलेक्टोरेट परिसर इन्दौर पर समय सुबह 10.00 से 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण दिनांक 11.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे से उपरोक्त स्थान पर किया जावेगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपीलीय अधिकारी उपायुक्त सहकारिता जिला इन्दौर के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की दिनांक 12.08.2026, 13.08.2026 एवं 14.08.2026 को प्रस्तुत की जा सकती है। अपीलीय अधिकारी द्वारा अपील के निराकरण की अंतिम तिथि 21.08.2026 नियत की गई है।

**(के.के. जमरे)**
**अंकेक्षण अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**श्री इन्दौर क्लाथ मार्केट मध्यमवर्गीय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित इन्दौर**

---

### इन्दौर नगर पालिक निगम
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती अभिलाषा पिता श्री मुकेश ( पति दीपक कजोडिया )** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000213358 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. 97 क़ालिंदी कारिडोर बड़ा बांगड़दा इन्दौर के नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र. 32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-27/07/2026**
**प्र.क्र. 0825/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका **श्रीमती मनोरमा नागर पति श्री कृष्णकिशोर नागर निवासी 33/1, जौहरी पैलेस, दशहरा मैदान के सामने, इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर के खसरा नंबर 1166/3 पर निर्मित व्यवसायिक भवन शिवम् चेम्बर की तल मंजिल पर स्थित गोडाउन नम्बर 08, सदर गोडाउन का कुल क्षेत्रफल 468 वर्गफीट अर्थात् 43.49 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/पुस्तक क्रमांक ग्रन्थ 179 के कुल 06 पृष्ठ 62 से 67 तक पंजीयन क्र. 823 निष्पादित दिनांक 13/10/2009 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी- **श्री अनिल कुमार पिता श्री नवनीत लालजी व अन्य निवासी 5. ओव्हर ब्रिज शास्त्री मार्केट इन्दौर** जिला इन्दौर म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 10/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-28/07/2026**
**प्र.क्र. 0842/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका **श्रीमती किरण देवी पति श्री सुधीर कुमार जैन निवासी- 5/13, संस्कृति पार्क, रेसकोर्स रोड, डॉ. रोशनसिंह भण्डारी मार्ग इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत् राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर स्थित खसरा नम्बर 1166/3 पर स्थित कटकटपुरा गली, जूनी इन्दौर की भूमि पर निर्मित शिवम चेम्बर की तल मंजिल पर स्थित गोडाउन क्रमांक 07, जिसका कुल क्षेत्रफल 468 वर्गफीट अर्थात् 43.49 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/820 निष्पादित दिनांक 13/10/2009 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी **श्री अनिल कुमार पिता श्री नवनीत लालजी व अन्य निवासी 5, ओव्हर ब्रिज, शास्त्री मार्केट इन्दौर, जिला इन्दौर** म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 11/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-27/07/2026**
**प्र.क्र. 0827/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **आवेदिका श्रीमती मनोरमा नागर पति कृष्णकिशोर नागर निवासी 33/1, जौहरी पैलेस दशहरा मैदान के सामने इन्दौर म.प्र.** द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर के खसरा नम्बर 1166/3 पर निर्मित व्यवसायिक भवन शिवम चेम्बर की तल मंजिल पर स्थित गोडाउन नम्बर 09, सदर गोडाउन का कुल क्षेत्रफल 415 वर्गफीट अर्थात 38.56 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 179092021ए1381137 निष्पादित दिनांक 24/05/2021 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी **खुजैमा पिता सैफुद्दीन देवासवाला निवासी 1135, खातीवाला टैंक इन्दौर,** जिला इन्दौर म.प्र.से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 10/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-27/07/2026**
**प्र.क्र. 0826/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक **श्री गौतम जैन पिता श्री राजकुमारजी जैन निवासी-44, अहिल्या माता कालोनी रानीसती गेट के अन्दर इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर के खसरा नम्बर 1166/3 पर निर्मित व्यवसायिक भवन शिवम चैम्बर की तलमंजिल पर स्थित गोडाउन नम्बर 03 सदर गोडाउन का कुल क्षेत्रफल 468 वर्गफीट अर्थात 43.49 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/पुस्तक क्रमांक ग्रंथ 480 के कुल 08 पृष्ठ 56 से 63 तक पंजीयन क्रमांक 1574 निष्पादित दिनांक 24/12/2014 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी-श्री हेमंत कुमार गुजराती पिता श्री कृष्णदासजी गुजराती निवासी-62 त्रिवेणी नगर एक्सटेंशन कालोनी इन्दौर जिला इन्दौर म.प्र. के क्रय किए जाने के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस सम्बंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 10/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-27/07/2026**
**प्र.क्र. 0828/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका **श्रीमती मधु जैन पति श्री राजकुमारजी जैन निवासी- 44, अहिल्या माता कॉलोनी रानी सती गेट के अन्दर, इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर स्थित खसरा नम्बर 1166/3 कटकटपुरा गली जूनी इन्दौर की भूमि पर गोडाउन क्र.03, जिसका कुल क्षेत्रफल 468 वर्गफीट अर्थात् 43.49 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. ए-1/ पुस्तक क्रमांक ग्रन्थ 233 के कुल 08 पृष्ठ 1 से 8 तक पंजीयन क्रमांक 142 निष्पादित दिनांक 07.05.2026 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी **श्री मनीष कुमार गुजराती पिता श्री कृष्णदासजी गुजराती निवासी 62, त्रिवेणी नगर एक्सटेंशन कॉलोनी, इन्दौर,** जिला इन्दौर म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 10/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-28/07/2026**
**प्र.क्र. 0840/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदिका **श्रीमती उषादेवी पिता श्री चिमनलाल जैन निवासी 5/13, रेसकोर्स रोड. डॉ. रोशनसिंह भण्डारी मार्ग इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109.110 के तहत राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर स्थित खसरा नम्बर 1166/3 पर स्थित कटकटपुरा गली, जूनी इन्दौर की भूमि पर निर्मित शिवम चेम्बर की तल मंजिल पर स्थित गोडाउन क्रमांक 06. जिसका कुल क्षेत्रफल 468 वर्गफीट अर्थात 43.49 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/पुस्तक क्रमांक ग्रन्थ 179 के कुल 6 पृष्ठ 50 से 55 तक पंजीयन क्रमांक 821 निष्पादित दिनांक 13/10/2009 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी-**श्री अनिल कुमार पिता श्री नवनीत लालजी. निवासी 5. ओवर ब्रिज शास्त्री मार्केट इन्दौर** जिला इन्दौर म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 11/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

---

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील जूनी इन्दौर, जिला-इन्दौर

**क्रमांक/Q/रीडर/2026** **दिनांक-28/07/2026**
**प्र.क्र. 0844/अ-6/2026-2027**

**सार्वजनिक सूचना**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक **सुधीर कुमार चिमनलाल जैन ( एच.यू.एफ. )** तर्फकर्ता **श्री सुधीर कुमार जैन पिता श्री चिमनलाल जैन निवासी 85, तिजोरी गली, सियागंज इन्दौर** म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत राजस्व ग्राम कस्बा इन्दौर स्थित खसरा नम्बर 1166/3 पर स्थित कटकटपुरा गली, जूनी इन्दौर की भूमि पर निर्मित शिवम चेम्बर की तल मंजिल पर स्थित गोडाउन क्रमांक 15, जिसका कुल क्षेत्रफल 490 वर्गफीट अर्थात् 45.53 वर्गमीटर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1/पुस्तक क्रमांक ग्रन्थ 115 के कुल 08 पृष्ठ 9 से 16 तक पंजीयन क्रमांक 943 निष्पादित दिनांक 20/01/2011 के माध्यम से प्रतिप्रार्थी **श्रीमती नसीम बानो पति हाजी श्री कमर हुसैन निवासी-85 तिजौरी गली, सियागंज इन्दौर** जिला इन्दौर म.प्र. से क्रय किये जाने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में नियत दिनांक 11/08/2026 के अंदर स्वयं इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय प्रमाण के प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील जूनी इन्दौर**

# ड्रेसिंग रूम का महौल गंभीर...कोच के फैसलों को लेकर बीसीसीआई खफा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए परिस्थितियां अब पहले जैसी नहीं रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के भीतर गंभीर का वह वर्चस्व और अटूट समर्थन अब कम होने लगा है जो उन्हें एक साल पहले हासिल था। बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ-साथ ड्रेसिंग रूम के माहौल में भी गंभीर के प्रति नाराजगी के संकेत मिले हैं जिससे उनके कार्यकाल पर दबाव साफ नजर आ रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई के कुछ आला अधिकारियों का मानना है कि टीम को मिली हार के बाद मुख्य कोच अक्सर खिलाड़ियों, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस या सपोर्ट स्टाफ पर ठीकरा फोड़ देते हैं जबकि मैनेजमेंट के फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेने से बचते नजर आए हैं। कोच के इस रवैये को लेकर ड्रेसिंग रूम के भीतर भी मतभेद की खबरें सामने आई हैं। दावा किया गया है कि कुछ वरिष्ठ खिलाड़ियों ने अनौपचारिक रूप से पूर्व दिग्गजों और बोर्ड सदस्यों के सामने गंभीर की



कोचिंग शैली को लेकर अपनी चिंताएं जताई हैं।

बीसीसीआई ने शुरुआत में गंभीर को अपनी पसंद का सपोर्ट स्टाफ चुनने और फैसले लेने की पूरी छूट दी थी लेकिन बोर्ड के कई सदस्यों का मानना है कि वह इस अधिकार का सही इस्तेमाल नहीं कर पाए। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद भी गंभीर आलोचनाओं से बच गए थे लेकिन बदलाव के दौर को लेकर दिए बयान से उनकी काफी किरकिरी हुई। कार्यकाल की शुरुआत में बदलाव की बात को खारिज करने वाले गंभीर अब हार की वजह ट्रांजिशन को बता रहे हैं जिससे बोर्ड का उन पर से भरोसा डिगा है।

ब्रिटेन के निराशाजनक दौरे और टेस्ट फॉर्मेट में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अब आगामी श्रीलंका दौरा गौतम गंभीर के भविष्य का फैसला कर सकता है। अगर इस सीरीज में भी भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो गंभीर की कुर्सी पर खतरा और गहरा जाएगा। हालांकि, गंभीर के पक्ष में एक बड़ी राहत की बात 2027 तक का उनका कॉन्ट्रैक्ट है। वनडे वर्ल्ड कप में सिर्फ एक साल का वक्त बचा है ऐसे में बीसीसीआई जैसा बड़ा बोर्ड जल्दबाजी में कोच हटाने के पक्ष में आमतौर पर नहीं रहता।

## विकल्पों की कमी और भारी दबाव की चुनौती

गौतम गंभीर को पद से हटाना बीसीसीआई के लिए इतना आसान फैसला भी नहीं होगा क्योंकि भारतीय टीम के कोच का पद अत्यधिक व्यस्तता, लगातार यात्राओं और हर पल मीडिया व फैंस की कड़ी निगरानी वाला होता है। ऐसे उच्च दबाव वाले माहौल में नए और योग्य विकल्प का मिलना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

# इंदौर जिला स्क्वैश टीम के चयन के लिए मुकाबले शुरू

**इंदौर।** एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतरशालेय स्क्वैश चयन प्रतियोगिता में सोमवार को विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इन मुकाबलों के प्रदर्शन के आधार पर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए इंदौर जिला स्क्वैश टीम का चयन किया जाएगा।



अंडर-14 बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल के कुशाग्र अग्रवाल ने माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल के अगम मोयाडे को 2-0 से, प्रियां कटारिया ने श्री सत्य साई विद्या विहार स्कूल के अभ्युदय सिंह पंवार को 2-0 से तथा मनीत सरड़ीवाल ने द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल के गुरसाहिब सिंह को 2-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

अंडर-14 बालिका वर्ग में काव्या झावर ने न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल की आकृति बामनिया को 2-0 से तथा पहल सतवानी ने द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल की हीरल जैन को 2-0 से मात दी।

अंडर-17 बालिका वर्ग में अलिश्मा राजपूत ने द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (नॉर्थ कैंपस) की माही मेहता को 2-0 से तथा विहाना बत्रा ने माउंट इंडेक्स इंटरनेशनल स्कूल की अस्मा पटेल को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की।

अंडर-19 बालिका वर्ग में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल की गौरी बंसल ने एमरल्ड हाइट्स की आस्था अग्रवाल को 2-0 से तथा सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की दृष्टि जेठवानी ने खुशी भाला को 2-0 से पराजित किया। अंडर-19 बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स के शुभ अग्रवाल ने न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के हर्षिल अग्रवाल को 2-0 से हराया, जबकि द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (झलारिया) के अव्यन पाटनी ने न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के दक्ष अग्रवाल को 2-0 से शिकस्त दी। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के समापन पर चयनित खिलाड़ियों की इंदौर जिला टीम घोषित की जाएगी, जो आगामी संभागीय एवं राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

# मितिशा, सखी ने जीते स्वर्ण पदक

**इंदौर।** दौसा (राजस्थान) में खेली गई सी.बी.एस.ई. वेस्ट जोन



ताइक्वांडो चैंपियनशिप में इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण , एक रजत व दो कांस्य पदक अर्जित किया। जिसमें मितिशा सिमरैया, सखी डांगी ने स्वर्ण पदक, पल्लवीत जोशी ने रजत पदक व पीहू यदुवंशी, सिया जोशी ने कांस्य पदक अर्जित किया। खिलाड़ियों कि इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महांत, सचिव विकास सिमरैया व खिलाड़ियों के कोच मनीष जोशी, नीलम कुलकर्णी ने बधाई दी। स्वर्ण पदक खिलाड़ी पानीपत (हरियाणा) में होने वाली सी.बी.एस.ई. राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करेंगे।

# तन्वी और किदांबी पर रहेंगी निगाहें, कोरिया मास्टर्स आज से

**नई दिल्ली।** ताइपे ओपन की चैंपियन तन्वी शर्मा और पूरी तरह से फिट होकर लौटे किदांबी श्रीकांत आज से शुरू हो रहे कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पंजाब की 17 वर्षीय तन्वी ने रविवार को ताइपे ओपन के फाइनल में वियतनाम की छठी वरीयता प्राप्त थूई लिन्ह गुयेन को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता। इस उपलब्धि ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है और अब कोरिया ओपन में उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। वह महिला एकल में क्वालिफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

पुरुष एकल में तीसरे वरीय श्रीकांत पर नजर रहेगी जो फिटनेस समस्या के कारण कनाडा ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह अब पूरी तरह से फिट हैं और इस्राइल के डैनियल डुबोवेंको के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। किरण जॉर्ज को पहले दौर में क्वालिफायर से मुकाबला करना है और प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे के आठवें वरीय वांग पो-वेई से हो सकता है। सानीत दयानंद का सामना जापान के शीर्ष वरीयता प्राप्त युदाई ओकिमोतो से, जबकि रौनक चौहान का दक्षिण कोरिया के चौथे वरीय जियोन ह्योक जिन से होगा।

थारुन मन्नेपल्ली का सामना दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन से, जबकि मिथुन मंजुनाथ का चीन के झू जुआन चेन से होगा। महिला एकल में सातवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ को भी पहले दौर में क्वालीफायर का सामना करना है, लेकिन तान्या हेमंत को जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

# मैच फिक्सिंग की साजिश आईसीसी ने पकड़ी, लगाया 8 साल का बैन

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के मामले में सख्त कदम उठाते हुए अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बोडुगुम अखिलेश रेड्डी पर 8 साल का बैन लगा दिया है। हैदराबाद में पले बढ़े 26 वर्षीय रेड्डी भारत में सनराइजर्स हैदराबाद के नेट गेंदबाज और विजय हजारे ट्रॉफी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिका के लिए चार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यूएई में आयोजित अबू धाबी टी10 लीग 2025 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश दूसरे खिलाड़ी को उकसाने और जांच में बाधा डालने जैसे तीन गंभीर आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद उन पर यह गाज गिरी है। आईसीसी ट्रिब्यूनल द्वारा सुनाया गया यह प्रतिबंध 21 नवंबर 2025 से लागू माना जाएगा जब रेड्डी को पहली बार अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। इस फैसले के बाद अब वह 21 नवंबर 2033 तक किसी भी स्तर के क्रिकेट या उससे जुड़ी गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। उस वक्त तक उनकी उम्र 34 वर्ष से अधिक हो चुकी होगी। टी10 लीग में एस्पिन स्टैलियंस टीम के लिए खेलते हुए मैच के नतीजों और प्रदर्शन को गलत तरीके से प्रभावित करने की उनकी साजिश के पुख्ता सबूत मिलने पर ट्रिब्यूनल ने यह कड़ी सजा तय की है।

# रवि -अरुण की जोड़ी उलटफेर कर सेमीफाइनल में पहुंची

**इंदौर।** इंदौर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित रूसी पुनेगर स्मृति इंदौर जिला सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के बाद सभी वर्गों के सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया तथा कई मुकाबलों का फैसला संघर्षपूर्ण तीन गेमों में हुआ।

पुरुष युगल वर्ग में दिन का सबसे बड़ा आकर्षण रवि पमनानी एवं अरुण शर्मा की जोड़ी रही। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए भरत खत्री एवं दुष्यंत मेहता की जोड़ी को 10-15, 16-14, 16-14 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले यह जोड़ी तीसरी वरीय प्रज्ञान सलूजा एवं जय सोनी की जोड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। लगातार दो बेहतरीन जीत के साथ रवि पमनानी एवं अरुण शर्मा प्रतियोगिता के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। इसी वर्ग में सगे भाई सक्षम गुप्ता एवं शोभित गुप्ता की चौथी वरीय जोड़ी ने भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए राहुल



गोयल एवं सचिन लालचंदानी को 15-9, 16-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय कन्हैया शर्मा ने काव्य शर्मा को 15-10, 15-11, जय सोनी ने आठवीं वरीय ऑस्टिन नथानियल को 15-8, 19-17, छठी वरीय नैवैद्य टोंडे ने वीर खरे को 15-7, 15-9, जबकि ओम पटेल ने पांचवीं वरीय गौरव परमार को रोमांचक मुकाबले में 15-13, 14-16, 15-12 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। महिला एकल वर्ग में शीर्ष वरीय ओजस्वी भोमिया ने अंडर-11 की प्रतिभाशाली खिलाड़ी इशमान सलूजा को 15-3, 15-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में तीसरी वरीय अनेट्टा बिनू ने इरा ठाकुर को 17-15, 15-13, चौथी वरीय कनिका जाट ने दिव्या गुर्जर को 15-5, 15-8, जबकि श्रेया अग्रवाल ने कृषा सोलंकी को 15-4, 15-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

महिला युगल वर्ग में ध्रुवी बेटाला एवं इरा ठाकुर ने आरिशा जायसवाल एवं अवनी वर्मा को 10-15, 15-11, 18-16 से पराजित किया। मिशिका गुप्ता एवं दिव्या गुर्जर ने ओजस्वी भलावे एवं इशमान सलूजा को 15-11, 15-13, जबकि दूसरी वरीय कनिका जाट एवं कृति तिवारी ने दीर्घा अहिरवार एवं जया यादव को 15-5, 15-9 से हराकर अंतिम चार में स्थान बनाया।

## सवा लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सेंट्रल कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने शास्त्री ब्रिज के नीचे से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12.27 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की है। जब्त की गई ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेंट्रल कोतवाली थाना पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि शास्त्री ब्रिज के नीचे एक संदिग्ध युवक अवैध मादक पदार्थ की डिलीवरी देने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर संदिग्ध को हिरासत में लिया। जब पुलिस टीम ने आरोपी की नियमानुसार तलाशी ली, तो उसके पास से 12.27 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम नौशाद उर्फ कल्लो पिता अब्दुल अजीज कुरैशी निवासी चंदन नगर बताया। पुलिस ने मौके से अवैध मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। सेंट्रल कोतवाली थाना पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह ब्राउन शुगर कहां से खरीदकर लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने जा रहा था, ताकि नशे के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

# गैस पाइप लाइन में भभकी आग



### धूम्रपान सामग्री से आग लगने की आशंका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कनाडिया स्थित संचार नगर में कल रात गैस पाइप लाइन में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड और गैस एजेंसी कर्मचारी पहुंचे। दमकल ने 10 हजार लीटर पानी बहाकर आग पर काबू पाया। वहीं गैस एजेंसी कर्मचारियों ने गैस लाइन की मरम्मत शुरू की।

फायर ब्रिगेड विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 8 बजे हुई। निर्माणाधीन बिल्डिंग के मुख्य द्वार के पास पाइप लाइन में आग लगने की सूचना मिलने पर एक दमकल मौके पर पहुंची। प्रारम्भिक जांच में सामने आया है कि गैस पाइप लाइन में लीकेज था। आशंका जताई जा रही है कि किसी व्यक्ति ने बीड़ी, सिगरेट या अन्य धूम्रपान सामग्री जलती हुई फेंकी जो लीकेज हो रही गैस के सम्पर्क में आई और आग लग गई। अवंतिका गैस की टीम मौके पर पहुंची और लाइन में सुधार कार्य शुरू किया।

# मौत ट्राले ने युवक को रौंदा...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर थाना क्षेत्र के इंदौर-उज्जैन मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की जान चली गई। पंचडेरिया चौराहे पर तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक ट्राले ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सांवेर थाना पुलिस ने आरोपी ट्राला चालक के खिलाफ तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना इंदौर-उज्जैन रोड स्थित पंचडेरिया चौराहे पर 5:30 बजे घटित हुई। चौराहे से गुजर रहे 20 वर्षीय युवक को ट्राला क्रमांक एमपी-09 एजे-1198 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।दुर्घटना की सूचना मिलते ही सांवेर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

## समोसे के बाकी पैसों के विवाद में चले लात-घूंसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के राहुल गांधी नगर में मामूली बात को लेकर पड़ोसी और उसके बेटों द्वारा एक व्यक्ति के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अपने बेटे के समोसे खरीदने के बाद कम पैसे मिलने की शिकायत लेकर पास की डेयरी पर बात करने गया था। इसी दौरान पड़ोसी अकारण विवाद करने लगा और अपने बेटों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमले में सिर पर नुकीली चीज से वार किए जाने के कारण पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी की शिकायत पर लसूड़िया थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, राहुल गांधी नगर निवासी फरियादी गोपाल पिता लखन राठौर ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा दुकान से समोसे खरीदकर घर लाया था, लेकिन दुकानदार ने उसे पैसे कम वापस दिए थे। इस पर गोपाल खुद सांवरिया दूध डेयरी पर संचालक से बात करने और बाकी पैसे मांगने गए थे। जब वे डेयरी वाले से बात कर रहे थे, तभी वहीं पास में रहने वाला आरोपी मुन्ना अचानक वहां आया और अकारण गालियां देने लगा। जब फरियादी गोपाल ने अकारण गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी मुन्ना भड़क गया और उसने लात-घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच मुन्ना के दोनों बेटे भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी फरियादी को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान एक बेटे ने किसी धारदार व नुकीली वस्तु से गोपाल के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उनके सिर में गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग खड़े हुए।




# नवविवाहिताओं से घरेलू हिंसा और प्रताड़ना के तीन मामले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

महिला थाना पुलिस ने घरेलू हिंसा, दहेज मांगने और शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से परेशान तीन नवविवाहिताओं की शिकायतों पर एक ही दिन में तीन अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। पीड़िताओं ने अपने-अपने ससुराल पक्ष के सदस्यों पर दहेज की मांग, गाली-गलौज, मारपीट और अकारण प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने तीनों प्रकरणों में नामजद आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच और आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पहला मामला राधिका पति आशीष हाल निवासी आशा नगर की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पीड़िता ने अपने पति आशीष, मंजू निवासी जनता क्वार्टर, बंगाली चौराहा, मनोहर, राधिका, उमेश निवासी शिव शक्ति नगर, कनाड़िया और श्रद्धा व कृष्णा निवासी उदयपुर, राजस्थान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही आरोपी उसे छोटी-मोटी बातों को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

दूसरा मामला विनीता पति विष्णु जांगिड़ निवासी सुकार बामनवास, सवाई माधोपुर, राजस्थान; हाल मुकामः द्वारकापुरी, इंदौर की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति विष्णु और जेठ गिरिराज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपियों ने उसके साथ अकारण गाली-गलौज की, मारपीट की और घर से निकालने की धमकियां देकर लगातार परेशान किया।

तीसरी कार्रवाई फरियादिया साक्षी पति सूरज निवासी देवी अहिल्या क्षेत्र, इंदौर की शिकायत पर की गई है। पीड़िता ने अपने पति सूरज, राम और संगीता निवासी अमरावती, महाराष्ट्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

## सिर पर ईंट मारकर युवक को किया लहूलुहान

### कोई दिक्कत है क्या...पूछकर बुलेट सवारों ने शुरू कर दी मारपीट

इंदौर। परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के नंदा नगर में उज्जैन निवासी एक युवक पर अज्ञात बुलेट सवारों और उनके साथियों द्वारा हमला कर दिया।आरोपियों ने अकारण विवाद की शुरुआत की और विरोध करने पर युवक को लात-घूंसों से पीटने के बाद सड़क पर पड़ी ईंट से सिर पर वार कर दिया। हमले में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित की शिकायत पर परदेशीपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, मूल रूप से उज्जैन निवासी फरियादी आयुष पिता कन्हैयालाल रायकवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह नंदा नगर गली नंबर 9 में मौजूद था, तभी बिना नंबर प्लेट की बुलेट गाड़ी पर दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। उन्होंने आयुष को रोककर अकारण पूछा कि 'कोई दिक्कत है क्या' इस पर आयुष ने शांति से जवाब दिया कि कोई बात नहीं है।इसके बावजूद बुलेट सवारों ने फरियादी को गालियां देना शुरू कर दिया। जब आयुष ने अकारण गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच मौके पर उनके दो अन्य साथी भी आ गए और उन्होंने भी आयुष को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों में से एक ने सड़क पर पड़ी एक भारी ईंट उठाई और आयुष के सिर पर दे मारी। सिर में ईंट लगते ही गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर लोगों को आते देख आरोपी मौके से फरार हो गए।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।